RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-316 | जयपुर, गुरुवार, 14 मई 2026 | मूल्य-4 रूपये

### जेजेएम घोटाला

## रिमांड में चल रहे संजय बड़ाया को कोर्ट ने भेजा जेल

**जयपुर।** जल जीवन मिशन घोटाले की जांच कर रही एसीबी की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने बुधवार को पूर्व मंत्री महेश जोशी के करीबी माने जाने वाले संजय बड़ाया को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

संजय बड़ाया पर पीएचईडी अधिकारियों और ठेकेदारों से मिलीभगत कर टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी करवाने व ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम पर रिश्वतखोरी में शामिल होने के गंभीर आरोप है। संजय को 11 मई को दिल्ली एयरपोर्ट से हिरासत में लिया था। इसके बाद उसे जयपुर लाकर गिरफ्तार किया गया। अदालत ने उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा था।

## अमूल व मदर डेयरी ने बढ़ाये दूध के दाम

**नई दिल्ली।** ब्रांड अमूल और मदर डेयरी ने अपने उत्पादों के दामों में प्रति लीटर दो रुपये की बढ़ोतरी की है। बढ़ोतरी 14 मई से लागू होगी। कीमत बढ़ने वाले में फुल क्रीम, टोंड, काऊ, बफेलो मिल्क (दूध) और अन्य उच्च कीमत वाले उनके उत्पाद शामिल है। बढ़ोतरी के बाद अब अमूल व मदर डेयरी का फुल क्रीम दूध 70 की बजाय 72 रुपये लीटर मिलेगा। वहीं कॉउ मिल्क 60 के बजाय 62 रुपये मिलेगा। दोनों ब्रांड ने पिछले एक साल में उत्पादों की कीमत में इजाफा नहीं किया है।

## एनआईए ने हिजबुल आतंकी इकबाल सिंह उर्फ शेरा का पुर्तगाल से किया प्रत्यर्पण

**नई दिल्ली।** एनआईए ने हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े वांछित आतंकी इकबाल सिंह उर्फ शेरा का पुर्तगाल से भारत सफल प्रत्यर्पण कराया। एजेंसी ने उसके यहां पहुंचने पर हवाई अड्डे से हिरासत में ले लिया। शेरा हिजबुल मुजाहिदीन के नार्को टेरर मॉड्यूल का मास्टरमाइंड था, उसके खिलाफ अक्टूबर 2020 से गैर जमानती वारंट जारी था।

### पीएम मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल समिति की बैठक

# सरकार ने खरीफ की 14 फसलों पर बढ़ाई एमएसपी, किसानों को मिलेगी राहत

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) की बैठक में कृषि, बुनियादी ढांचे और ऊर्जा क्षेत्र को लेकर कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से विपणन सत्र 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में उल्लेखनीय वृद्धि को मंजूरी दी है। इसके साथ ही, भारत की पहली स्वदेशी तकनीक पर आधारित सेमी-हाई-स्पीड रेल परियोजना और कोयला क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए बड़े निवेश का रास्ता साफ कर दिया गया है।

### एमएसपी बढ़ोतरी से किसानों को राहत

खरीफ सीजन की फसलों पर एमएसपी बढ़ाने का फैसला किसानों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। मौसम की प्रतिकूलताओं और



वैश्विक चुनौतियों के कारण पहले से ही परेशान किसान समुदाय को इस कदम से आर्थिक सहारा मिलेगा। कैबिनेट ने 14 खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार सबसे अधिक वृद्धि सूरजमुखी के बीज के लिए की गई है, जिसमें 622 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है। इसके बाद कपास (557 प्रति क्विंटल), नाइजरसीड (515 प्रति क्विंटल) और तिल (500 प्रति क्विंटल) के दामों में इजाफा किया गया है। यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के सरकार के संकल्प को दर्शाता है।

### कोयला गैसीकरण के लिए मेगा प्लान

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 37,500 करोड़ रुपये की योजना मंजूर की गई है। भारत के पास अगले 200 वर्षों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त कोयला भंडार मौजूद है।

सरकार का लक्ष्य इस कोयले का उपयोग करके गैस का उत्पादन करना और फिर उससे उर्वरक, बिजली और विभिन्न प्रकार के रसायनों का निर्माण करना है। यह निर्णय भू-राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए भारत को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा।

### देश की पहली सेमी-हाई-स्पीड रेल और हवाई अड्डे का विकास

रेल मंत्रालय की 20,667 करोड़ रुपये की लागत वाली अहमदाबाद - धोलेरा सेमी-हाई-स्पीड दोहरी लाइन परियोजना को कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी है। यह पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से निर्मित भारत की पहली ऐसी परियोजना होगी, जो अहमदाबाद को धोलेरा एसआईआर, आगामी धोलेरा हवाई अड्डे और लोथल राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर से जोड़ेगी। इससे यात्रियों का यात्रा समय काफी कम हो जाएगा और दैनिक आवागमन आसान होगा। साथ ही, नागपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आधुनिकरण के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी (PPP) मॉडल के तहत दीर्घकालिक लाइसेंस को मंजूरी दी गई है।

### 12वीं सीबीएसई का परिणाम घोषित

# 85.20 प्रतिशत विद्यार्थी पास, लड़कियां फिर रही अव्वल

नई दिल्ली

सीबीएसई ने बुधवार को 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। इस वर्ष कुल 85.20 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में सफल रहे, जो पिछले साल के मुकाबले 3.19 प्रतिशत कम है। परीक्षा परिणाम में लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर रहा है। बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष 17,80,365 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 17,68,818 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें 15,07,109 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए। पास प्रतिशत में 3.19 प्रतिशत की कमी आई, जो 2025 के 88.39 प्रतिशत से घटकर 2026 में 85.20 प्रतिशत हो गया। लड़कियों का पास प्रतिशत 88.86 रहा, जबकि लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 82.13 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस तरह लड़कियों ने लड़कों से 6.73 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया।

क्षेत्रवार प्रदर्शन में त्रिवेंद्रम क्षेत्र सबसे आगे रहा, जहां 95.62



प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। इसके बाद चेन्नई, बेंगलुरु व विजयवाड़ा क्षेत्र का स्थान रहा। दिल्ली पश्चिम क्षेत्र का परिणाम 92.34 प्रतिशत और दिल्ली पूर्व क्षेत्र का परिणाम 91.73 प्रतिशत रहा। ओवरऑल दिल्ली क्षेत्र का पास प्रतिशत 91.97 प्रतिशत दर्ज किया गया जबकि प्रयागराज में सबसे कम 72.43 प्रतिशत पास प्रतिशत रहा। विदेश स्थित सीबीएसई स्कूलों का परिणाम 90.50 प्रतिशत रहा। वहीं दिव्यांग विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 90.16 प्रतिशत दर्ज किया। बोर्ड ने बताया इस वर्ष 1,63,800 विद्यार्थियों को कंपार्टमेंट श्रेणी में रखा है, जो कुल परीक्षार्थियों का 9.26 प्रतिशत है। साथ 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 94,028 रही, जबकि 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले 17,113 विद्यार्थी रहे। सीबीएसई ने कहा छात्रों की डिजिटल मार्कशीट, माइग्रेशन सर्टिफिकेट, अन्य दस्तावेज डिजिलॉकर के माध्यम से उपलब्ध कराए हैं।

**लक्ष्य व इशिता 98.6% अंक**

लक्ष्य गौतम के 12वीं में 98.6% अंक आए है। लक्ष्य ने मैथमेटिक्स में 99 अंक, इंग्लिश, बिजनेस स्टडी अकाउंटेंसी 98-98 अंक हासिल किए। इशिता शुक्ला के 12वीं में 98.6% अंक आए है। इशिता ने पॉलिटिकल साइंस व पेंटिंग 100-100 अंक हासिल किए।

### सबरीमाला मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

# हिंदू धर्म जीवन जीने का तरीका, आस्था के लिए मंदिर जाना अनिवार्य नहीं

नई दिल्ली

सबरीमाला मंदिर मामले पर सुनवाई के 15वें दिन बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हिन्दू धर्म जीवन जीने का एक तरीका है और इसमें आस्था रखने वालों के लिए मंदिर जाना अनिवार्य नहीं है। सीजेआई सूर्यकांत की नौ सदस्यीय संविधान बेंच ने कहा कि अगर कोई घर या झोपड़ी में दीपक जलाता है तो वही उसकी आस्था और धर्म को साबित करने के लिए पर्याप्त है। बुधवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील डॉ. जी मोहन गोपाल ने कहा धार्मिक समुदायों के भीतर से ही सामाजिक न्याय की मांग उठ रही है। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म को एक धार्मिक श्रेणी के रुप में परिभाषित किया गया था।

उसके बाद 1966 में कहा गया हिन्दू वह है जो सभी धार्मिक व दार्शनिक मामलों में वेदों की सर्वोच्चता स्वीकार करता है। गोपाल ने सवाल पूछा कि अब मेरे मन में वेदों के प्रति सर्वोच्च सम्मान और आस्था है लेकिन क्या यह सच है कि आज हर व्यक्ति जिसे हिन्दू माना है वो वेदों की सर्वोच्च सत्ता को सभी आध्यात्मिक व दार्शनिक मामलों में स्वीकार करता है।

इस पर जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा इसी वजह से हिन्दू धर्म को जीवन जीने का एक तरीका कहा जाता है। एक हिन्दू के लिए यह जरुरी नहीं है कि वो मंदिर जाए या हिन्दू बने रहने के लिए कोई अनुष्ठान करे। उन्होंने कहा कि किसी को भी कर्मकांडी होने की जरुरत नहीं है और न ही कोई किसी की आस्था के बीच में आ सकता है।

# अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक का निधन

### फेफड़े में खून का थक्का जमने से कार्डिएक अरेस्ट आया

लखनऊ

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का बुधवार को निधन हो गया। उनकी उम्र 38 साल थी। सुबह 6 बजे पत्नी अपर्णा यादव के भाई अमन सिंह बिष्ट उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिविल अस्पताल के चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. डीसी पांडेय के मुताबिक, जब प्रतीक को लाया गया, तब उनकी पल्स पूरी तरह डाउन थी। हार्ट भी रुक चुका था।



लखनऊ मेडिकल कॉलेज में प्रतीक यादव के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। रिपोर्ट के अनुसार, कार्डिएक अरेस्ट से प्रतीक की मौत हुई है। बॉडी पर चोट के 6 निशान थे, जो पुराने हैं। विसरा सुरक्षित रखा गया है। प्रतीक का शव उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। अंतिम संस्कार गुरुवार को लखनऊ में सुबह 11 बजे बैकुंठ धाम पर होगा।

प्रतीक की जब मौत हुई, पत्नी और भाजपा नेता अपर्णा यादव असम में थीं। वो लखनऊ लौट आई हैं। अपर्णा मंगलवार को हिमंता बिस्वा सरमा के शपथ ग्रहण के लिए असम गई थीं।

सीएम योगी, मंत्री सुरेश खन्ना, डिंपल यादव, शिवपाल यादव समेत कई बड़े नेता भी पहुंचे। अखिलेश यादव सुबह पोस्टमॉर्टम हाउस और दोपहर बाद प्रतीक यादव के आवास पहुंचे। श्रद्धांजलि देते वक्त अखिलेश काफी भावुक नजर आए। सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा ने कहा, प्रतीक की मौत संदिग्ध अवस्था में हुई। उनके शरीर पर चोट के निशान थे। हाईकोर्ट के किसी पूर्व जज से जांच करवाई जाए। मेडिकल कॉलेज ने प्रतीक यादव की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट जारी की है। डॉक्टरों के मुताबिक, फेफड़ों में बड़ी मात्रा में खून के थक्के जम गए थे। इसी वजह से हार्ट और फेफड़ों ने काम करना बंद कर दिया, जिससे मौत हुई।

# एन. रंगासामी 5वीं बार पुडुचेरी के सीएम

### भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन शपथ में मौजूद रहे

तिरुवनंतपुरम/पुडुचेरी

एन. रंगासामी 5वीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री बने हैं। उप-राज्यपाल कैलाश नाथन ने लोक भवन में उन्हें पद और गोपनियता की शपथ दिलाई। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी मौजूद रहे। रंगासामी के अलावा भाजपा के ए नमस्सिवायम और AINRC नेता मल्लादी कृष्णा राव ने मंत्री पद की शपथ ली। नमस्सिवायम 2021 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। पिछली पुडुचेरी सरकार में वे



गृह मंत्री थे। 4 मई को आए पुडुचेरी विधानसभा चुनाव के परिणामों में रंगासामी के नेतृत्व वाले NDA गठबंधन को 30 में से 16 सीटें मिली थी। पुडुचेरी में 30 सीटों पर चुनाव हुए। AINRC ने 16 में से 12 सीटें जीतकर 75% का सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट हासिल किया। भाजपा ने 10 में 4 सीटें जीतकर 40% के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। कांग्रेस 16 सीटों पर चुनाव लड़कर सिर्फ 1 सीट जीत सकी और उसका स्ट्राइक रेट मात्र 6% रहा।

### नीट मामलाः सुप्रीम कोर्ट में लगाई याचिका

# एनटीए से भरोसा उठा, कोर्ट कराएरी-एग्जाम

### सीबीआई ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली

नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द मामले में फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (FAIMA) ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। इसमें सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में दोबारा परीक्षा कराने की मांग की गई है।

FAIMA ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) की कार्यप्रणाली से अब भरोसा उठ




चुका है। इसलिए मौजूदा गवर्निंग बॉडी का पुनर्गठन किया जाना चाहिए।

CBI ने नासिक से शुभम खैरनार और अहिल्याबाई नगर से धनंजय को हिरासत में लिया। धनंजय पर शुभम को पेपर देने का आरोप है। मुंबई कोर्ट ने CBI को शुभम की 2 दिन की ट्रांजिट रिमांड दी। वहीं, राजस्थान पुलिस ने गुरुग्राम से BAMS फर्स्ट ईयर के छात्र को पकड़ा। सीबीआई ने इस मामले में अब तक 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से तीन जयपुर, एक गुरुग्राम और एक नासिक से है। जांच के लिए CBI अधिकारी आज दिल्ली में NTA के हेडक्वार्टर भी पहुंचे।

दरअसल, NTA ने 12 मई को पेपर लीक के बाद NEET परीक्षा रद्द कर दी थी। NTA ने माना कि गड़बड़ी हुई है। एग्जाम 3 मई को हुआ था, जिसमें 22.79 लाख स्टूडेंट्स शामिल हुए थे।

# मणिपुर में 3 नेताओं की गोली मारकर हत्या

### गुस्साए लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 बंद किया

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बुधवार को थाडो बैपटिस्ट एसोसिएशन के तीन चर्च नेताओं की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 5 अन्य लोग घायल हुए हैं। हमला हथियारबंद अज्ञात लोगों ने घात लगाकर किया। हमले के बाद कांगपोकपी और आसपास के कुकी-जो बहुल इलाकों में तनाव फैल गया। वारदात से गुस्साए लोगों ने पत्थर लकड़ियां लगाकर नेशनल हाईवे-2 बंद कर दिया गया। NH-2 मणिपुर को नागालैंड और देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला अहम मार्ग है।मृतकों में मणिपुर बैपटिस्ट कन्वेंशन के पूर्व महासचिव रेव. वी. सितल्होउ शामिल हैं। अन्य दो मृतकों की पहचान रेव. वी. कैगौलुन और पास्टर पाओगौलेन के रूप में हुई है। घायल हुए लोगों का इलाज जारी है। मणिपुर में चर्च नेता आध्यात्मिक मार्गदर्शन के साथ-साथ सामाजिक और राजनीतिक मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### वैश्विक संकट के बीच भाजपा शासित राज्यों के सीएम ने अपने काफिले में कटौती का ऐलान किया

# पीएम मोदी के काफिले में दिखी सिर्फ 2 गाड़ियां

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हैदराबाद में दिए भाषण के दौरान ऊर्जा संरक्षण की अपील की थी। मध्य पूर्व में बने हालातों के कारण दुनिया ऊर्जा संकट और व्यापारिक नुकसान का सामना कर रही है। भारत भी इससे प्रभावित हुआ है क्योंकि देश ईरान और रूस समेत अन्य देशों से क्रूड ऑयल का आयात करता है। इस बीच प्रधानमंत्री ने तेल बचाने और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की। अब सरकार और BJP के वरिष्ठ नेता इस अपील पर अमल करते नजर आ रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी अपील को व्यवहार में लाते हुए अपने



कम कर दी है। अब उनके काफिले में केवल दो गाड़ियां दिखाई दे रही हैं। एसपीजी प्रोटोकॉल के अनुसार सुरक्षा के सभी आवश्यक मानकों को बनाए रखते हुए यह कमी की गई है। पहले प्रधानमंत्री के काफिले में 12-15 गाड़ियां होती थीं, जिनमें बख्तरबंद मर्सिडीज-मेबैक S650, रेंज रोवर्स, टोयोटा फॉर्च्यूनर, एस्कॉर्ट वाहन, जैमर यूनिट, डिकॉय कारें और

जारी तस्वीरों में इस बदलाव की पुष्टि हुई है।

गृह मंत्री अमित शाह ने भी अपने काफिले की गाड़ियों की संख्या घटा दी है। सुबह उनके काफिले में केवल चार गाड़ियां दिखाई दीं। BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी अपने काफिले में वाहनों की संख्या कम कर दी है। उन्होंने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री की

## मुख्यमंत्री ने अपने सुरक्षा काफिले में वाहनों की संख्या घटाई

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेट्रोल-डीजल की बचत, सरकारी खर्चों में कटौती व पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण और प्रतीकात्मक कदम उठाया है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ईंधन बचत और संसाधनों के संयमित उपयोग की अपील के बाद मुख्यमंत्री ने स्वयं के सुरक्षा काफिले (कारकेड) में वाहनों की संख्या में भारी कमी कर दी है। बुधवार सुबह मुख्यमंत्री जब दिल्ली दौरे के लिए सांगानेर एयरपोर्ट रवाना हुए, तब उनका काफिला सामान्य दिनों की तुलना में काफी छोटा नजर आया। जहां पहले सीएम के साथ एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड व सुरक्षा वाहनों सहित लगभग 14 से 16 गाड़ियां चलती थीं, वहीं अब केवल 5 आवश्यक वाहन ही काफिले में शामिल रहे। सीएम भजनलाल ने स्पष्ट किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसाधनों की बचत और जिम्मेदार प्रशासन को लेकर जारी दिशा-निर्देशों का पालन प्रदेश सरकार गंभीरता से करेगी। केवल आवश्यक वाहनों का ही उपयोग किया जाएगा और सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा सभी मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को भी निर्देशित किया है वे सरकारी वाहनों का

# ट्रम्प 8 साल बाद चीन दौरे पर पहुंचे

### जाने से पहले बोले- ईरान जंग रुकवाने में चीन की मदद नहीं चाहिए

वॉशिंगटन डीसी/बीजिंग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बुधवार को 8 साल बाद चीन दौरे पर पहुंचे। उनका विमान बीजिंग कैपिटल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड किया, जहां चीनी उपराष्ट्रपति हान जेंग ने उन्हें रिसीव किया। हान जेंग को शी जिनपिंग का भरोसेमंद माना जाता है और वे पिछले साल ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुए थे।ट्रम्प के एयर फोर्स वन से उतरते समय करीब 300 बच्चे नीले और सफेद रंग की यूनिफॉर्म में एयरपोर्ट पर मौजूद थे। ये अमेरिका और चीन के झंडे लहरा



एरिक ट्रम्प और बहू लारा ट्रम्प भी मौजूद थे।इस दौरान बच्चों ने मंदारिन भाषा में 'वेलकम' के नारे लगाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ट्रम्प के बीच गुरुवार और शुक्रवार को अलग-अलग दौर की बातचीत होगी। दोनों नेताओं के बीच व्यापार, ताइवान, रेयर अर्थ मिनरल्स, AI और ईरान युद्ध जैसे मुद्दों पर चर्चा

तक बीजिंग में रहेंगे। यह 2017 के बाद उनका पहला चीन दौरा है।

ट्रम्प के साथ इलॉन मस्क, एप्पल CEO टिम कुक और बोइंग CEO समेत 17 बड़े अमेरिकी कारोबारी भी गए हैं। हालांकि चिप कंपनी एनवीडिया के CEO जेनसन हुआंग इस दौरे में शामिल नहीं होंगे।

इस दौरे में 9 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बोइंग विमान डील हो

## अभिषेक बनर्जी हाजिर नहीं हुए तो गिरफ्तारी वारंट : हाईकोर्ट



जबलपुर (एजेंसी)। टीएमसी सांसद और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को हाईकोर्ट ने कड़ी चेतावनी दी है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि अगली सुनवाई में यदि उनकी ओर से बहस नहीं हुई तो गिरफ्तारी पर लगी अंतरिम रोक हटा दी जाएगी। मामला पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय द्वारा दायर मानहानि केस से जुड़ा है। आरोप है कि नवंबर 2020 में कोलकाता की एक सभा में अभिषेक बनर्जी ने आकाश विजयवर्गीय को卐गुंडा卐 कहा था। इसी बयान को लेकर 2021 में विशेष अदालत में परिवाद दायर किया गया था। सुनवाई के दौरान बनर्जी पक्ष ने सांसद होने और फरार होने की आशंका नहीं होने का तर्क दिया, लेकिन कोर्ट ने लगातार समय मांगने पर नाराजगी जताई। हाईकोर्ट ने साफ कर दिया कि अब मामले में और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## यूपी में शुरू हो सकते हैं ऑनलाइन क्लासेस और वर्क फॉम होम

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार शाम अहम बैठक आयोजित की गई। इस उच्चस्तरीय बैठक में बदलते हालात के बीच प्रदेश में नई प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक चर्चा की गई। सूत्रों के अनुसार बैठक में विद्यालयों, महाविद्यालयों और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में ऑनलाइन पढ़ाई शुरू करने की संभावनाओं पर विस्तार से मंथन किया गया। साथ ही सरकारी और निजी कार्यालयों में कर्मचारियों के लिए घर से काम की व्यवस्था लागू करने पर भी गंभीर विचार-विमर्श हुआ। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा डिजिटल शिक्षा और दूरस्थ कार्य व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिए जाने के बाद प्रदेश सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बैठक में सभी विभागों के बीच समन्वय, तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता और आवश्यक दिशा-निर्देशों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों को संभावित व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए जा सकते हैं। यदि फैसला लागू होता है तो उत्तर प्रदेश में लाखों विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

## भारत-नेपाल सीमा पर थाई देह व्यापार रैकेट का खुलासा, दो विदेशी महिलाएं गिरफ्तार

कोलकाता (एजेंसी)। भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। तीसरे देशों के नागरिकों की संदिग्ध आवाजाही के संबंध में मिली खुफिया सूचना के आधार पर, एसएसबी की 41वीं बटालियन की टीम ने एक विशेष अभियान चलाया। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के नक्सलबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत रतखोला इलाके में भारतीय सीमा स्तंभ संख्या 88/08 के पास एक संदिग्ध गाड़ी को रोका गया। तलाशी के दौरान, एक अंतरराष्ट्रीय देह व्यापार रैकेट का खुलासा हुआ। एसएसबी ने दो थाई नागरिकों, एक नेपाली नागरिक और एक भारतीय नागरिक सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई थाई महिलाओं की पहचान 43 वर्षीय नुसरा किंगवान और 33 वर्षीय सावनी चलासाई के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ये महिलाएं थाई मसाज की आड़ में देह व्यापार के नेटवर्क से जुड़ी थीं और अनधिकृत जमीनी रास्ते से भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रही थीं। अभियान के दौरान, एसएसबी ने एक शेवरले बीट कार, कई मोबाइल फोन, पासपोर्ट, आधार कार्ड और अन्य पहचान पत्र जब्त किए। सुरक्षा एजेंसियां अब इस पूरे नेटवर्क के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन और मानव तस्करी से जुड़े पहलुओं की गहन जांच कर रही हैं। गिरफ्तार सभी आरोपियों और जब्त सामानों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए नक्सलबाड़ी पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पुलिस ने पासपोर्ट अधिनियम और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जबकि एसएसबी सीमा पर निगरानी बढ़ाए हुए है।

## मुंबई में गहराया जल संकट : बीएमसी ने 10 प्रतिशत पानी कटौती की घोषणा की




मुंबई (एजेंसी)। मुंबई में गहराते जल संकट के बीच, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने 15 मई से शहर भर में पानी की आपूर्ति में 10 प्रतिशत कटौती की घोषणा की है। यह निर्णय मुंबई को पानी पिलाने वाली झीलों में जल स्तर में भारी गिरावट और इस साल कमजोर मानसून की मौसम विशेषज्ञों की चेतावनी को देखकर लिया गया है। हालांकि, बीएमसी के अधिकारियों ने नागरिकों से घबराने के बजाय सावधानी बरतने की अपील कर आश्वासन दिया है कि आने वाले समय में बड़े संकट से बचने के लिए पानी का वितरण सावधानीपूर्वक किया जा रहा है। बीएमसी के अनुसार, वर्तमान में मुंबई के जलाशयों में उपलब्ध जल भंडार शहर की वार्षिक आवश्यकता का केवल 23.5 प्रतिशत है। कुल मिलाकर, करीब 340,399 मिलियन लीटर पानी बचा है, जबकि शहर को सालाना 14 लाख मिलियन लीटर से अधिक की आवश्यकता होती है। निगम स्थिति पर प्रतिदिन बारीकी से नजर रख रहा है ताकि भविष्य में शहर को गंभीर जल संकट का सामना न करना पड़े। इस कटौती का एक प्रमुख कारण इस वर्ष कम वर्षा की आशंका है, जो अल नीनो और हिंद महासागर द्विध्रुव जैसी मौसम संबंधी स्थितियों से प्रभावित हो सकती है। बीएमसी ने निवासियों से पानी बर्बाद न करने और स्थिति सुधारने तक उसका सावधानीपूर्वक उपयोग करने का आग्रह किया है। संकट से निपटने के लिए, बीएमसी भाटसा और ऊपरी वैतरणा बांधों से अतिरिक्त जल भंडार छोड़ेगी, जिससे क्रमशः लगभग 147,092 मिलियन लीटर और 90,000 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति की जाएगी। मुंबईकरों की चिंताएं इस निर्णय से बढ़ गई हैं।

# देश के 19 राज्यों में बिगड़ेगा मौसम का मिजाज, भूस्खलन का खतरा

### आंधी-बारिश और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मई के महीने में गर्मी के बीच मौसम एक बार फिर करवट बदलने वाला है। पिछले कुछ दिनों से आसमान साफ रहने के बाद मौसम विभाग ने एक बार फिर देश के कई हिस्सों में तेज आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की है। 12 मई को उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब और हरियाणा सहित कुल 19 राज्यों में खराब मौसम का अलर्ट है। विभाग ने आगाह किया है कि इस दौरान न केवल बारिश होगी, बल्कि कई स्थानों पर बिजली गिरने (वज्रपात) की भी संभावना है। विशेष रूप से पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और पर्यटकों को सावधान रहने की सलाह दी गई है, क्योंकि भारी बारिश के चलते भूस्खलन का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में फिलहाल ऊंचाई वाले इलाकों की यात्रा टालना ही बेहतर होगा।



राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में भी मध्यम बारिश के साथ धूलभरी आंधी चलने की आशंका है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण के कारण यह बदलाव देखने को मिल रहा है। हालांकि बारिश के आसार हैं, लेकिन दिल्ली का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। वहीं बिहार और झारखंड में मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। बिहार के चंपारण, गोपालगंज, समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर जैसे जिलों में 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है, जो किसानों की फसलों के लिए चिंता का विषय बन सकता है। झारखंड के गिरडीह और बोकारो जैसे जिलों में भी आंधी-बारिश की संभावना जताई गई है। पहाड़ी राज्यों की बात करें तो उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पौड़ी गढ़वाल में तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में भी मौसम बिगड़ने के आसार हैं। मैदानी इलाकों में पंजाब के अमृतसर, लुधियाना और बठिंडा जैसे शहरों में गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इसके अलावा राजस्थान के बाड़मेर, जोधपुर और अलवर समेत मध्य प्रदेश के इंदौर, छतरपुर और सिंगरौली जिलों में भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें और पेड़ों या जर्जर इमारतों के नीचे शरण लेने से बचें।

## पीएम पर अभद्र टिप्पणी मामले में सपा सांसद पर हुई एफआईआर

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के महोबा जिले से समाजवादी पार्टी के सांसद अजेन्द्र सिंह लोधी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक और अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने के मामले में पुलिस ने उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी की तहरीर पर शहर कोतवाली में की गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 132, 189(2), 352 और 196(1) के तहत सांसद और उनके अज्ञात समर्थकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूरी घटना बीते सोमवार की है, जब सपा सांसद अजेन्द्र सिंह लोधी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर और बढ़ती महंगाई जैसे मुद्दों को लेकर जिला कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर रहे थे। राज्यपाल को संबोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपने पहुंचे सांसद ने प्रदर्शन के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री के खर्चों में कटौती संबंधी अपील को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी थी। इसी दौरान उन्होंने कथित तौर पर प्रधानमंत्री के प्रति अभद्र और असंसदीय भाषा का प्रयोग किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। भाजपा ने इसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन बताते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। इस मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति एक सांसद द्वारा की गई असंसदीय टिप्पणी न केवल अशोभनीय और अक्षम्य है, बल्कि यह भारतीय लोकतांत्रिक मर्यादाओं पर भी गंभीर आघात है। मुख्यमंत्री ने सपा सांसद के इस कृत्य को राजनीतिक कुसंस्कार और वैचारिक दिवालियापन का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह टिप्पणी 145 करोड़ देशवासियों के जनादेश और विश्वास का अपमान है और देश की जनता ऐसे अमर्यादित आचरण का उत्तर समय आने पर अवश्य देगी।



## थलापति को राहत: एआईएडीएमके में टूट से टीवीके को मिला समर्थन

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु की सियासत में मंगलवार को एक ऐसा मोड़ आया जिसने राज्य के पूरे राजनीतिक समीकरण को बदलकर रख दिया है। अभिनेता से नेता बने थलापति विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के लिए यह दिन बड़ी खुशखबरी लेकर आया। विधानसभा में बहुमत के आंकड़े के लिए संघर्ष कर रही टीवीके को अब एआईएडीएमके में हुई बड़ी टूट का सीधा फायदा मिला है। पूर्व मंत्री सीवी शनमुगम के नेतृत्व वाले एआईएडीएमके के एक बड़े गुट ने आधिकारिक तौर पर थलापति विजय को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है, जिससे फ्लोर टेस्ट से पहले विजय की सरकार बेहद मजबूत स्थिति में आ गई है।

तमिलनाडु की प्रमुख विपक्षी पार्टी एआईएडीएमके अब स्पष्ट रूप से दो धड़ों में बंट गई है। आंकड़ों की बात करें तो पूर्व मुख्यमंत्री ई. पलानीस्वामी (ईपीएस) के पास अब केवल 22 विधायकों का समर्थन बचा है, जबकि सीवी शनमुगम के नेतृत्व वाले विद्रोही गुट के पास 24 विधायकों का साथ है। इस विद्रोही गुट ने थलापति विजय के पाले में जाने का फैसला कर राज्य की राजनीति में हलचल मचा दी है। सीवी शनमुगम ने मंगलवार सुबह इस फैसले की पुष्टि करते हुए कहा कि उनकी पार्टी का जन्म ही डीएमके के विरोध में हुआ था और पिछले 53 वर्षों से उनकी राजनीति इसी विचारधारा पर टिकी है। शनमुगम ने खुलासा किया कि पार्टी के भीतर एक प्रस्ताव आया था कि डीएमके के सहयोग से सरकार बनाई जाए, जिसे उनके गुट ने सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने तर्क दिया कि यदि वे डीएमके के साथ गठबंधन करते, तो एआईएडीएमके का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता। अपने स्वाभिमान और विचारधारा को बचाने के लिए उन्होंने थलापति विजय की टीवीके को समर्थन देना बेहतर समझा। इस गुट ने एसपी वेलुमणि को अपना फ्लोर लीडर भी चुन लिया है।थलापति विजय के लिए यह समर्थन किसी संजीवनी से कम नहीं है। चुनाव परिणामों के बाद जहां वे बहुमत के लिए एक-एक विधायक के समर्थन की उम्मीद कर रहे थे, वहीं अब विधायकों का एक पूरा कुनबा उनके साथ खड़ा है। इस घटनाक्रम ने न केवल सत्ताधारी डीएमके को झटका दिया है, बल्कि तमिलनाडु की द्विदलीय राजनीति में एक तीसरे मजबूत विकल्प के उदय पर मुहर लगा दी है। अब सबकी निगाहें विधानसभा में होने वाले फ्लोर टेस्ट पर टिकी हैं, जहां विजय की शक्ति का वास्तविक परीक्षण होगा। यह राजनीतिक घटनाक्रम यह भी दर्शाता है कि तमिलनाडु की जनता और नेता अब पारंपरिक द्रविड़ राजनीति से इतर नए नेतृत्व की ओर देख रहे हैं।

# नीट पेपर लीक पर केजरीवाल का हमला: अगर परीक्षा नहीं करा सकती कैसी सरकार?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले में केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि 3 मई को आयोजित यह परीक्षा, इसके बाद रद्द किया गया, बड़े पैमाने पर मिलीभगत और राजनीतिक संरक्षण का परिणाम है। केजरीवाल ने सवाल उठाया कि अगर सरकार ठीक से परीक्षाएं नहीं करा सकती, तब वह किस काम की है और लाखों छात्रों का भविष्य क्यों दांव पर लगाया जा रहा है।



नई दिल्ली में एक प्रेसवार्ता को संबोधित कर केजरीवाल ने इस बात पर जोर दिया कि यह पहली बार नहीं है जब नीट का पेपर लीक हुआ है। उन्होंने याद दिलाया कि ऐसा 2017, 2021 और 2024 में भी हो चुका है। केजरीवाल ने सवाल उठाया, 2017 और 2021 में परीक्षा का पेपर लीक करने वालों को क्या सजा मिली? 2024 में पेपर लीक करने वाले सभी को जमानत मिली और वे अब बाहर हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि ऐसा लगता है जैसे उन्हें अगले पेपर लीक की तैयारी करने को कहा गया था। इस पूरी तरह से मिलीभगत और राजनीतिक संरक्षण का मामला बताकर उन्होंने सरकार की अक्षमता पर सीधा प्रश्नचिह्न लगाया। केजरीवाल ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में छात्रों द्वारा की गई कड़ी मेहनत और त्याग को भी रेखांकित किया। अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा कर बताया कि कैसे उन्होंने आईआईटी और सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी की थी, और उन कठिनाइयों को समझा जिनके माध्यम से छात्र गुजरते हैं। उन्होंने उन गरीब परिवारों का उल्लेख किया जो अपने बच्चों को कोचिंग दिलाने के लिए अपनी ज़मीनें तक बेच देते हैं। इसतरह पेपर लीक से छात्रों की तपस्या और बलिदान व्यर्थ हो जाता है, जिससे देश के भविष्य पर गहरा असर पड़ता है।

## केंद्र सरकार पर सैलजा का निशाना : आर्थिक कुप्रबंधन और पेपर लीक से जनता त्रस्त

चंडीगढ़। कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला कर कहा है कि देश की जनता लगातार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक दबाव से जूझ रही है, लेकिन मोदी सरकार समाधान प्रस्तुत करने के बजाय लोगों से बार-बार त्याग और समझौते की अपील कर रही है। उन्होंने कहा कि कभी पेट्रोल और डीज़ल का कम उपयोग करने की सलाह दी जाती है, तब कभी घरेलू खर्च सीमित रखने की। सैलजा के अनुसार, यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार आर्थिक चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने में विफल रही है और आने वाले दिनों में जनता पर और आर्थिक बोझ पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का दायित्व जनता को राहत देना, स्थिर आर्थिक वातावरण तैयार करना और रोजगार के अवसर बढ़ाना है, न कि उन्हें और त्याग के लिए कहना। कांग्रेस पार्टी आम जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी।

वहीं नीट पेपर लीक के मुद्दे पर भी कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने एनईईटी पेपर लीक को देश के लाखों युवाओं के भविष्य और उनकी मेहनत पर सीधा हमला बताया। कांग्रेस नेता सैलजा ने कहा कि जब परीक्षाएँ भ्रष्टाचार और पेपर लीक की भेंट चढ़ने लगें, तब सबसे बड़ा नुकसान गरीब और मध्यम वर्ग के उन छात्रों का होता है जो वर्षों तक कठिन परिश्रम करते हैं। उन्होंने भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न उठाते हुए कहा कि लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों ने 22 लाख से अधिक छात्रों और उनके परिवारों का भरोसा तोड़ा है। उन्होंने मांग की कि सरकार युवाओं को सुरक्षित, निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था दे। कांग्रेस पार्टी युवाओं के अधिकार और उनके भविष्य की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी।

# पटना में बजेंगे सायरन होगा ब्लैक आउट, हवाई हमले से बचने होगी मॉकड्रिल

### -प्रशासन ने कहा- लोगों को घबराने या पैनिक होने की जरुरत नहीं

**पटना (एजेंसी)।** पटना में 14 मई शाम 7-15 बजे अचानक सायरन बजें, ब्लैक आउट हो जाए तो घबराना नहीं। ऐसा सिविल डिफेंस ब्लैकआउट यानी मॉकड्रिल के तहत किया जाएगा। दरअसल हवाई हमले से बचाव के लिए नागरिक सुरक्षा अभ्यास किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि यह केवल एक मॉकड्रिल है, इसलिए लोगों को घबराने या पैनिक होने की जरुरत नहीं है।





प्रशासन ने पटना के शहरी क्षेत्रों के लोगों, दुकानदारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अपील की है कि वे 14 मई को तय 15 मिनट के लिए अपने घरों और दुकानों की लाइटें बंद रखें। इस दौरान हवाई हमले की चेतावनी का सायरन बजाया जाएगा, जो 2 मिनट तक गूंजेगा। सायरन बजते ही पूरे शहर में ब्लैकआउट की स्थिति हो जाएगी। डीएम ने लोगों से अपील है कि वे किसी भी प्रकार के अफवाह पर ध्यान न दें। केवल आधिकारिक सूचना पर ही विश्वास करें।

रिपोर्ट के मुताबिक हवाई हमले की चेतावनी के लिए मॉकड्रिल और ब्लैकआउट निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के मुताबिक की जाएगी। इसमें राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तंत्र की क्रियाशीलता की जांच की जाएगी। मॉकड्रिल से लोगों के लिए जरुरी सेवाओं की उपलब्धता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अस्पतालों में काम सुचारू रूप से चलता रहेगा। इसके लिए खिड़कियों पर विशेष प्राइवेसी कर्टेन या काले पर्दों का उपयोग किया जाएगा ताकि बाहर रोशनी न फैले।

डीएम ने कहा कि नागरिक सुरक्षा निदेशालय की ओर से तय मापदंडों के अनुरूप पटना शहरी क्षेत्रों और पटना नगर निगम, नगर परिषदों, दानापुर निजामत, खगौल तथा फुलवारीशरीफ में मॉकड्रिल की जाएगी। मॉकड्रिल पटना में कहां कहां आयोजित की जाए? इसके लिए जगहों का चयन कर लिया गया है। जिला प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक चार जगहों पर मॉकड्रिल की जाएगा। जिनमें पटना समाहरणालय, बिस्कोमान भवन, बांकीपुर बस स्टैण्ड, आईजीआईएमएस। बता दें पटना समेत राज्य के 6 जिलों में हवाई हमला मॉकड्रिल और ब्लैकआउट का आयोजन किया जाना है।

# सीमा पर फेसिंग के लिए सुवेंदु ने दिए जमीन सौंपने के आदेश

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की नई सरकार के गठन के साथ ही सीमा सुरक्षा को लेकर एक कड़ा रुख देखने को मिला है। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की अध्यक्षता में हुई पहली कैबिनेट बैठक में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के कार्य में तेजी लाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। सरकार ने आदेश दिया है कि सीमा के जिन हिस्सों में अभी तक बाड़ (फेंसिंग) नहीं लगी है, वहां कांटेदार तार लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल को 45 दिनों के भीतर जमीन सौंप दी जाए। इस फैसले ने न केवल राज्य की राजनीति बल्कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में भी हलचल पैदा कर दी है।



सुवेंदु सरकार के इस प्रशासनिक कदम पर बांग्लादेश की ओर से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई है। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के विदेश मामलों के सलाहकार हुमायूँ कबीर ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बांग्लादेश को कांटेदार तारों से डराया नहीं जा सकता। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चुनावी भाषण देना और वास्तविक शासन चलाना दो अलग बातें हैं। ढाका अब यह देख रहा है कि बंगाल की नई सरकार अपने चुनावी वादों को प्रशासनिक फैसलों में किस हद तक बदलती है। कबीर ने यह भी स्पष्ट किया कि बांग्लादेश का प्राथमिक कूटनीतिक संवाद भारत की केंद्र सरकार के साथ होता है, न कि किसी विशेष राज्य सरकार के साथ।

सीमा पर तनाव की स्थिति को देखते हुए बांग्लादेशी सुरक्षा बल भी अलर्ट मोड पर आ गए हैं। बांग्लादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने बयान दिया है कि बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश को सीमा पर हाई अलर्ट पर रखा गया है ताकि किसी भी प्रकार की घुसपैठ या पुश-बैक की स्थिति को रोका जा सके। बांग्लादेश ने चेतावनी दी है कि यदि सीमा पर हिंसा या जबरन धकेलने की घटनाएं होती हैं, तो वह चुप नहीं बैठेगा। दरअसल, चुनाव से पहले भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में बंगाल-बांग्लादेश सीमा को पूरी तरह सुरक्षित करने का वादा किया था।

#### शाह ने कहा था- सीमा पर पुख्ता इंतजाम होंगे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रचार के दौरान घोषणा की थी कि पहली कैबिनेट बैठक में ही सीमा सुरक्षा पर निर्णायक कदम उठाए जाएंगे। सोमवार का फैसला उसी चुनावी वादे की पूर्ति के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में अवैध घुसपैठ और सीमा सुरक्षा का यह मुद्दा भारत-बांग्लादेश के द्विपक्षीय संबंधों के बीच एक नया मोड़ ला सकता है। जहाँ भाजपा इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अनिवार्य मान रही है, वहीं बांग्लादेश इसे मानवीय और कूटनीतिक दृष्टिकोण से जोड़कर देख रहा है।

# विधानसभा चुनाव में लगातार जीत बीजेपी के लिए मरहम, राष्ट्रपति चुनाव में मिलेगा फायदा

### -लोकसभा में भले ही बहुमत न मिला हो, दो साल बाद अब मजबूत स्थिति में पार्टी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए को मिली कम सीटों के दर्द पर विधानसभा चुनाव में लगातार मिल रही जीत मरहम का काम कर रही है। राज्यसभा में लगातार उसकी संख्या बढ़ रही है। ऐसे में अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में बीजेपी को फायदा मिलता नजर आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक महाराष्ट्र, बंगाल और बिहार जैसे बड़े राज्यों की विधानसभाओं पर अपने सहयोगियों के साथ उसका जबरदस्त दबदबा लोकसभा में हुए नुकसान की भरपाई करने में असरदार साबित होगा। यूपी के बाद ये तीनों राज्य राष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में बड़ी जगह रखते हैं। लोकसभा में 2024 में उसकी सीटों की संख्या 303 से घटकर 240 रह गई थी। संसद और विधानसभाओं के सभी चुने हुए सदस्य मिलकर निर्वाचक मंडल बनाते हैं।

संसद और विधानसभाओं का वोटिंग में बराबर हिस्सा होता है, लेकिन जहां हर सांसद के वोट का मूल्य एक जैसा होता है, वहीं एक विधायक के वोट का वजन उस विधानसभा द्वारा प्रतिनिधित्व की जाने वाली आबादी के आकार के आधार पर अलग-अलग होता है। 2022 में यूपी के एक विधायक के वोट का मूल्य 208 था, जो सिक्किम के एक विधायक के वोट के मूल्य से करीब 30 गुना ज्यादा था। अगले साल भी यह आंकड़ा लगभग वैसा ही रहने की संभावना है, क्योंकि जनगणना के आंकड़े स्थिर रहते हैं और विधानसभा की सदस्य संख्या भी। जम्मू-कश्मीर विधानसभा का अस्तित्व भी एक अहम कारक होगा, हालांकि इसका असर मामूली ही होगा।

बता दें लोकसभा में सीटों की संख्या में गिरावट के कारण निर्वाचक मंडल में बीजेपी के वोटों में 44,100 की कमी आई। 2022 में निर्वाचक मंडल की कुल सदस्य संख्या 10,86,431 थी। लोकसभा चुनाव में बीजेपी को भले ही बहुमत न मिला हो लेकिन दो साल से ज्यादा समय बीत जाने के बाद वह अब काफी मजबूत स्थिति में है। राष्ट्रपति चुनावों में उत्तर प्रदेश की भूमिका सबसे अहम है, जहां विधायकों के वोटों का कुल भार 83,800 से ज्यादा है। लोकसभा चुनावों के बाद जब बहुमत के लिए 272 का आंकड़ा पार करने के लिए बीजेपी को टीडीपी और जेडीयू पर निर्भर रहना पड़ा तो विपक्ष ने तुरंत इन दोनों क्षेत्रीय पार्टियों को बीजेपी के अस्तित्व के लिए बैसाखी करार दिया।

इसके अलावा, 288 सदस्यों वाली महाराष्ट्र विधानसभा में एनडीए की ताकत पिछले राष्ट्रपति चुनावों के समय के 150 से बढ़कर 237 तक पहुंच गई है और 243 सदस्यों वाली बिहार विधानसभा में यह 125 से बढ़कर 202 हो गई है। अब पश्चिम बंगाल में उसके पास 77 के मुकाबले 207 विधायक हैं। अगले साल जुलाई में होने वाले राष्ट्रपति चुनावों से पहले सबसे ज्यादा अहमियत यूपी की है, क्योंकि निर्वाचक मंडल में उसके वोटों का वजन 83,800 से भी ज्यादा है।



# एनएच 148 डी पर मौत का पुलिया, भारी वाहनों के बीच हर पल हादसे का डर..पुलिया गड्ढा ओर नीचे 5 फिट पानी गड्ढे से दिखाई दे रहा...

**20 फीट ऊंची नाला पुलिया जर्जर, सरिए निकले, मजबूती पर उठे सवाल...महज 5 साल पुरानी नाला पुलिया में बड़ा गड्ढा, नीचे 5 फीट पानी से बढ़ा खतरा**

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** भीम-उनियारा एनएच 148 डी मार्ग पर अरनिया घोड़ा के पास अरनिया नाला पर करोड़ों रुपये की लागत से बनी पुलिया अब खुद अपनी मजबूती पर सवाल खड़े करती नजर आ रही है। करीब 20 फीट ऊंची पुलिया पर बड़ा गड्ढा हो गया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों में डर का माहौल बना हुआ है। पुलिया की सीमेंट-कंक्रीट परत टूटने से अंदर लगे लोहे के सरिए साफ दिखाई देने लगे हैं, वहीं नीचे नाले में भरा पानी भी ऊपर से नजर आ रहा है। नाले में करीब 5 फीट तक पानी भरा हुआ है, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ गई है।

ग्रामीणों के अनुसार पुलिया का निर्माण करीब 5 वर्ष पूर्व कराया गया था। हैरानी की बात यह है कि करीब तीन महीने पहले ही पुलिया पर डामर डाला गया था, लेकिन वह परत भी कुछ ही समय में उखड़ गई और दोबारा बड़ा गड्ढा बन गया। अब पुलिया की डामर और सीमेंट की परतों में लगातार दरारें फैलती जा रही हैं, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं।

यह मार्ग क्षेत्र का प्रमुख और व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग है, जहां से दिन-रात भारी वाहनों सहित सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। लगातार भारी वाहनों की आवाजाही के कारण पुलिया पर दबाव बढ़ता जा रहा है और दिन गुजरने के साथ दरारें और चौड़ी होती जा रही हैं। वहीं इस क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क भी कई जगहों से खराब पड़ी हुई है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और हादसों की आशंका लगातार बनी रहती है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह गड्ढा रात के अंधेरे में वाहन चालकों को दिखाई तक नहीं देता। ऐसे में तेज रफ्तार वाहन हादसे का शिकार हो सकते हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह पुलिया जानलेवा साबित हो सकती है। यदि वाहन अनियंत्रित होकर गड्ढे की तरफ चला जाए तो करीब 20 फीट नीचे नाले में भरे पानी तक गिरने की आशंका बनी हुई है।

हादसे की आशंका को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने पहले गड्ढे के पास कंटीली झाड़ियां और टहनियां लगाकर वाहन चालकों को सावधान करने का प्रयास किया था, लेकिन अब वे झाड़ियां भी हट चुकी हैं। पुलिया पर फिलहाल किसी प्रकार का सुरक्षा इंतजाम नहीं किया गया है। न चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही बैरिकेड लगाए गए हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से पुलिया की तत्काल मरम्मत करवाने, सुरक्षा इंतजाम करने तथा निर्माण गुणवत्ता की जांच करवाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो यह पुलिया किसी बड़े हादसे की वजह बन सकती है।

# सावित्री माता रोपवे में दो श्रद्धालु फंसे, एक घन्टे के रेस्क्यू अभियान के बाद सकुशल बचाया

**आपातकालीन हालातों में तैयारियों को जांचने के लिये हुआ मॉक ड्रिल**

स्मार्ट हलचल



**पुष्कर/अजमेर।** धार्मिक नगरी पुष्कर स्थित सावित्री माता रोपये पर दो लोगों फंसने की सूचना मिलने से बुधवार को हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही प्रशासन, एनडीआरएफ, मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड और रोपवे प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंध गई। करीव एक पटे तक चले संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद दोनों व्यक्तियों को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। बाद में प्रशासन ने किया कि यह पूरा घटनाक्रम जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार आयोजित मॉक ड्रिल का हिस्सा था। इसका उद्देश्य रोपवे में किसी भी आपात स्थिति के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का परीक्षण करना उपखंड अधिकारी गुरुप्रसाद बर ने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान रोपवे में दो लोगों के फंसने की काल्पनिक सूचना पर विभिन्न विभागों ने संयुक्त रूप से सर्च एवं रेस्क्यू अभियान चलाया। अभियान में एनडीआरएफ, रोपवे टीम पुष्कर मेडिकल टीम, 108 एंबुलेंस सेथा और फायर ब्रिगेड की टीमों ने भाग लिया। एनडीआरएफ के सहायक कमांडर प्रवीण कुमार ने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य यह अभ्यास करना था कि यदि रोपवे बीच रास्ते में रुक जाए या कोई व्यक्ति फंस जाए तो किस प्रकार सुरक्षित तरीके से लोगों को नीचे उतारा जाए। उन्होंन कहा कि इस तरह की मॉक ड्रिल समय-समय पर आयोजित की जाती है ताकि आपदा की स्थिति में और प्रभावी कार्रवाई सुचिक्षित की जा सके। मॉक ड्रिल के दौरान मेडिकल कमांडेंट सुधीर कुमार पोखरमपाल, अजय सिंह सहित विभित्र विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। पूरे अभियान के दौरान सुरक्षा और बचाव की व्यवस्थाओं का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया।

# 12वीं सीबीएसई परिणाम में चार्वी विजयवर्गीय का जिले में दूसरा स्थान

स्मार्ट हलचल



**बिजौलिया।** कस्बे में संचालित अंग्रेजी माध्यम एवीएस स्कूल की छात्रा चार्वी विजयवर्गीय पुत्री मुकेश मेड़तिया अनीता विजयवर्गीय ने सीबीएसई 12वीं के विज्ञान वर्ग में घोषित परीक्षा परिणाम में मांडलगढ़ तहसील में प्रथम स्थान एवं भीलवाड़ा जिले में दूसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा ने विज्ञान वर्ग में 95.60 प्रतिशत हासिल किए हैं। छात्रा की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। छात्रा भविष्य मे आईआईटीयन बनकर प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती है।

# साइबर फ्रॉड के खिलाफ रायपुर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, न्यूज रिपोर्टर गिरफ्तार

**न्यूज चैनल की आड़ में लोगों को बनाता था शिकार, निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी का आरोप**

स्मार्ट हलचल | रायपुर

पुलिस थाना रायपुर ने साइबर फ्रॉड के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कथित न्यूज रिपोर्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर न्यूज चैनल की आड़ में सीधे-साधे लोगों को निवेश का लालच देकर ऑनलाइन ठगी करने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार आरोपी साइबर फ्रॉड गिरोह का मास्टर माइंड बताया जा रहा है, जो लोगों को विभिन्न निवेश योजनाओं में अधिक मुनाफे का प्रलोभन देकर ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाता था। आरोपी ने खुद को न्यूज चैनल से जुड़ा पत्रकार बताकर लोगों का विश्वास जीता और फिर उन्हें निवेश के नाम पर ठग लिया।

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी के बैंक खातों में पिछले चार महीनों के दौरान करीब 10 करोड़ रुपए से अधिक के संदिग्ध ट्रांजेक्शन हुए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा बैंक खातों एवं अन्य वित्तीय दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों के अलग-अलग थानों में साइबर फ्रॉड से संबंधित कुल 116 शिकायतें दर्ज हैं। इन शिकायतों में निवेश, ऑनलाइन कमाई और अन्य डिजिटल माध्यमों से ठगी के मामले शामिल बताए जा रहे हैं।

रायपुर थाना पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ जारी है तथा साइबर फ्रॉड नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश भी की जा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति या संस्था के झांसे में आकर ऑनलाइन निवेश न करें तथा संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# खखरेरू में स्वास्थ्य विभाग का छापा, झोलाछाप डॉक्टरों में मचा हड़कंप

स्मार्ट हलचल | खखरेरू / फतेहपुर

कस्बे में अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों पर स्वास्थ्य विभाग ने छापेमारी कर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। शिकायत मिलने पर डिप्टी सीएमओ के नेतृत्व में टीम ने कई क्लीनिकों की जांच की, जिसमें अनियमितताएं मिलने पर नोटिस जारी किए गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सबसे पहले कस्बे में संचालित डॉ. रेहान के क्लीनिक पर छापा मारा। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आयुर्वेद की डिग्री होने के बावजूद बिना पंजीकरण एलोपैथिक दवाओं का प्रयोग किया जा रहा है तथा भ्रूण परीक्षण और गर्भपात जैसे कार्य किए जा रहे हैं। जांच के दौरान क्लीनिक में एलोपैथिक दवाएं मिलीं, जबकि ओपीडी रजिस्टर मांगने पर संबंधित कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके। टीम ने क्लीनिक संचालक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने गुरु हेल्थ पाली क्लीनिक और ट्रामा सेंटर, चकिया में भी छापेमारी की। मौके पर चिकित्सक अनुपर्स्थित मिले, जिस पर वहां मौजूद नर्स को नोटिस देकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। डिप्टी सीएमओ डॉ. पी.के. सिंह ने बताया कि खखरेरू क्षेत्र में केवल आरके मेमोरियल क्लीनिक का पंजीकरण है, जबकि पाली क्लीनिक, रक्षपालपुर, चकिया, घरवासीपुर, रतनपुर और कुल्ली सहित कई स्थानों पर बिना पंजीकरण क्लीनिक संचालित हो रहे हैं।

# दूसरों की जिंदगी बचाने वाला डॉक्टर आखिर क्यों खुद जिंदगी से हारा??

**धोखाधड़ी ओर प्रताड़नाओं से परेशान डॉक्टर ने अस्पताल में ही किया सुसाइड का प्रयास, वीडियो जारी कर कई लोगों पर लगाए गंभीर आरोप**

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** शहर मे एक ऐसा घटनाक्रम सामने आया है जिसने हर किसी को सोचने पर मजबूर कर दिया है। लगातार आर्थिक दबाव, मानसिक प्रताड़नाओ और धोखाधड़ी से परेशान एक डॉक्टर ने अपने ही हॉस्पिटल ने आत्महत्या का प्रयास कर लिया। घटना से शहर में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार पीड़ित डॉक्टर रवि वर्मा ने यह कदम उठाने से पहले एक भावुक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसे उन्होंने अपनी आपबीती बताई।



वीडियो में डॉक्टर बेहद हारे ओर टूटे हुए नजर आए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों पर उन्होंने भरोसा किया, उन्हीं लोगों ने उन्हें आर्थिक और मानसिक रूप से इस कदर परेशान किया कि अब उनके पास जीने की कोई वजह नहीं बची।

डॉक्टर ने वीडियो में डॉ. हेमंत खज्जा और महेश काबरा पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि पहले उनकी गाड़ी गिरवी रखवाई गई और फिर लोन दिलाने के नाम पर कथित फर्जीवाड़ा कर उन्हें लाखों रुपये का नुकसान पहुंचाया गया। बढ़ते कर्ज, बाउंस होती बैंक ईएमआई और कई महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण वह लगातार तनाव में थे।

घटना उस समय सामने आई जब एडवोकेट विकास व्यास को डॉक्टर का वीडियो संदेश व्हाट्सएप पर मिला। वीडियो देखते ही उन्होंने तत्काल सक्रियता दिखाई और बिना समय गंवाए डॉक्टर को अस्पताल पहुंचाया। समय रहते उपचार मिलने से उनकी जान बच गई। फिलहाल डॉक्टर का अस्पताल में इलाज जारी है।

सूत्रों के मुताबिक पीड़ित डॉक्टर ने इससे पहले भी संबंधित लोगों के खिलाफ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायतें दी थीं, लेकिन उन्हें किसी तरह की राहत नहीं मिली। लगातार बढ़ते तनाव और प्रताड़नाओ ने आखिरकार उन्हें इतना तोड़ दिया कि उन्होंने मौत को गले लगाने की कोशिश कर डाली। सूचना मिलते ही सुभाष नगर थाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और डॉक्टर से घटनाक्रम की जानकारी ली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पुलिस परिवार के कल्याण को मिली नई दिशा**

# राजस्थान पुलिस कल्याण निधि बोर्ड की 26वीं बैठक में लिए गए संवेदनशील और दूरदर्शी निर्णय

स्मार्ट हलचल | जयपुर



राजस्थान पुलिस परिवार के कल्याण, सुरक्षा और सामाजिक संबल को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में बुधवार को राजस्थान पुलिस कल्याण निधि बोर्ड की 26वीं बैठक आयोजित की गई। पुलिस मुख्यालय सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता राजीव कुमार शर्मा ने की।

बैठक में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ चर्चा की गई। इस दौरान पुलिस कल्याण को नई मजबूती देने वाले अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए डीजीपी श्री राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि पुलिस बल का मनोबल मजबूत रखना और उनके परिवारों को सुरक्षा व सम्मान का भाव देना विभाग की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।

बैठक में वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता पर जोर देते हुए राजस्थान पुलिस कल्याण निधि के वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्यय विवरण का अनुमोदन किया गया। डीजीपी श्री शर्मा ने कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

**अब रिटायर्ड पुलिसकर्मियों को भी मिलेगी सहायता :**

आज की बैठक सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के लिए राहत का संदेश लेकर प्रतीत हुई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सेवारत पुलिसकर्मियों के साथ ही अब सेवानिवृत्त पुलिसकार्मिकों को भी गंभीर एवं दीर्घकालिक बीमारियों के इलाज में होने वाले व्यय के लिए आर्थिक सहायता पुलिस कल्याण निधि से दी जाएगी।

**पुलिस परिवारों को राहत : प्रसूति व्यय पर आर्थिक सहायता**

बैठक में एक अत्यंत मानवीय और संवेदनशील निर्णय लेते हुए संतान ऑपरेशन प्रसूति पर होने वाले व्यय के संबंध में राहत प्रदान करने का निर्णय लिया गया। निर्णय अनुसार संतान ऑपरेशन प्रसूति पर होने के बाद गंभीर स्थिति में होने वाले अतिरिक्त व्यय राशि को निर्धारित सीमा में आर्थिक सहायता के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। यह निर्णय विशेष रूप से उन पुलिस परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगा, जिन्हें चिकित्सा व्यय के कारण आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**दिवंगत पुलिसकर्मी के परिवार के प्रति संवेदनशील पहल**

बैठक में तृतीय बटालियन आरएसी बीकानेर के स्वर्गीय कांस्टेबल श्री रतनदीप मीणा के निधन के उपरांत उनके नाम स्वीकृत 5 लाख रुपये की बकाया ऋण राशि को अपलेखित करने का निर्णय लिया गया।

**छात्रवृत्ति दरों में संशोधन पर होगा परीक्षण**

बैठक में सीआईडी-सीबी जयपुर के हैड कांस्टेबल श्री हरिकिशोर द्वारा तकनीकी एवं व्यवसायिक छात्रवृत्ति की दरें बढ़ाने एवं उन्हें समान करने का विषय उठाया गया।

बोर्ड ने इस विषय को राजस्थान पुलिस हितकारी निधि से संबंधित मानते हुए इसका परीक्षण कर आगामी बैठक में निर्णय हेतु प्रस्तुत करने का निर्णय लिया।

**पुलिस कैंटीनों व लाईब्रेरी के आधुनिकीकरण पर फोकस**

पुलिस लाईंस में संचालित पुलिस कैंटीनों व लाईब्रेरी को आधुनिक और सुविधायुक्त बनाने के लिए उन्हें अपग्रेड करने संबंधी प्रस्ताव प्राप्त करने का भी निर्णय लिया गया। डीजीपी शर्मा ने कहा कि पुलिसकर्मियों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना उनके मनोबल और कार्यक्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**नवसृजित जिलों में भी खुलेंगी सीपीसी कैंटीनें**

बैठक में नवसृजित जिला एवं यूनिटों में सीपीसी कैंटीन खोलने के प्रस्ताव आमंत्रित करने का निर्णय भी लिया गया। इससे दूरस्थ एवं नवगठित इकाइयों में कार्यरत पुलिसकर्मियों को भी कल्याणकारी सुविधाओं का लाभ समान रूप से मिल सकेगा।

**कल्याणकारी कार्यों के लिए आमंत्रित होंगे प्रस्ताव**

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समस्त जिलों, यूनिटों एवं प्रशिक्षण संस्थानों से राजस्थान पुलिस कल्याण निधि नियम 1986 के तहत कल्याणकारी कार्यों हेतु आवश्यक प्रस्ताव मय एस्टीमेट आमंत्रित किए जाएंगे।

इस पहल से विभिन्न इकाइयों में आवश्यक सुविधाओं का विकास और पुलिसकर्मियों के कार्यस्थल का वातावरण और अधिक बेहतर बनाया जा सकेगा।

बैठक में अतिरिक्त महानिदेशक (पुलिस कल्याण एवं आधुनिकीकरण) डॉ. प्रशाखा माथुर, डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप सहित बोर्ड सदस्य मौजूद रहे।

# बाटेड़ा धाम में उमड़ा बाबेल समाज का जनसैलाब

**29वां वार्षिक सम्मेलन बना आस्था और एकता का महाकुंभ**



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** बाबेल समाज की कुलदेवी सती माता जी के पावन तीर्थस्थल बाठेड़ा धाम में आयोजित बाबेल परिवार का 29वां वार्षिक सम्मेलन इस बार धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और पारिवारिक सद्भाव का विराट उत्सव बन गया। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे समाजबंधुओं की मौजूदगी ने बाठेड़ा धाम को मानो आस्था के महाकुंभ में बदल दिया। पूरे परिसर में 'सती माता जी' के जयकारों, भक्ति गीतों और पारिवारिक आत्मीयता की मधुर अनुभूति ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।

सम्मेलन के दौरान समाजहित, संगठन विस्तार और सामाजिक समरसता को केंद्र में रखते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। मनोज बाबेल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जीतेंद्र बाबेल को निवर्तमान अध्यक्ष, प्रणवीर बाबेल को मंत्री, जयेश बाबेल को कोषाध्यक्ष, भरत बाबेल को उपाध्यक्ष तथा लाल सिंह बाबेल, हरिसिंह बाबेल एवं भूपेंद्र बाबेल को संरक्षक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं नयन बाबेल, रवि बाबेल, सुरेश बाबेल, प्रखर बाबेल उपर्स्थत रहे।

# ऑनलाइन गेम के नाम पर ठगी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

सदर थाना पुलिस ओर डीएसटी ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणो सें ऑनलाइन गेम खेलने के लिये ग्राहको को उकसा कर ठगी करने वाले चार युवको को गिरफतार किया है। आरोपियों द्वारा बंधक बनाये गये दो युवको को डी.एस.टी एवं थाना सदर भीलवाडा की संयुक्त टीम ने रैस्क्यु कर बंधको से मुक्त कराया । आरोपियों के कब्जे सें 1 लैपटॉप, 15 एन्ड्रॉयड मोबाईल्स, 2 किपेड मोबाईल, सिमकार्ड, बैंक खाता पासबुक, क्रेडिट कार्ड, चार्जर एवं वाईफाई राउटर इलेक्ट्रॉनिक डिवायस जप्त किए। दिनांक 12.05.2026 को डी.एस.टी प्रभारी कन्हैयालाल पुलिस निरीक्षक को मुखबीर से सुचना मिली कि थाना सदर के ग्राम कोदुकोटा सरहद पर स्थित भंवर फार्म हाउस में कुछ लोगो नें दो युवको को बंधक बना रखा है तथा उनके साथ मारपीट कर जबरन कम्प्युटर पर लोंगों को ऑनलाइन गैम खिलाकर पैसै ठगने का काम करवाया जा रहा है उक्त सुचना पर डी.एस.टी प्रभारी कन्हैयालाल पुलिस निरीक्षक द्वारा सर्च वारंट प्राप्त कर मय टीम तथा पुलिस थाना सदर भीलवाडा का जाप्ता घटनास्थल पहुंचा। जहाँ मौके पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुयें,घटनास्थल थाना सदर के ग्राम कोदुकोटा सरहद स्थित भंवर फार्म हाउस में दबिश दी तो कमरे में कुछ युवक घेरा डालकर बैठै हुये थे जिनके बीच में लेपटॉप एवं कीपेड/इन्ड्राईड मोबाईल रखे हुए थे । तथा प्रत्येक लडके के हाथों में मोबाईल फोन चलाते हुए नजर आये । जिनको जैसी स्थिति में है उसी स्थिति बैठे रहने की हिदायत दी जिन्हे निखील के बारे मे पुछा तो एक लडके ने अपना नाम निखिल पिता सहदेव चौधारी उम्र 23 साल निवासी घासिदास नगर जामुल थाना जामुल जिला दुर्ग राज्य छतीसगढ तथा दुसरें ने अपना नाम विशाल पिता विनोद अम्बेडकर उम्र 18 साल निवासी घासिदास नगर जामुल थाना जामुल जिला दुर्ग राज्य छतीसगढ होना बताया। जिन्होने पुछने में बताया कि इन लोगो ने हमे नौकरी देने के लिये बुलाया एवं अब जबरन बाहर नही निकलने देते है व लगातार निगरानी रख कर ऑनलाइन गेम का गैरकानुनी काम करवा रहे है एवं नही करने पर मारपीट करते है। मौके पर युवको के बीच पडे लैपटॉप व मोबाईल्स को देखा गया तो उनमें गुगल क्रॉप में ऑनलाइन गेम की वैबसाईट पर काम चल रहा था, सभी के मोबाईलो में ऑनलाइन गेम से सम्बंधित विज्ञापन, फोटो, विडियो, बैंक एकाउंट ईत्यादि संदिग्ध वस्तु मिली। मौके पर कार्यवाही करते हुयें बंधक बनाये गये युवक निखिल तथा विशाल को मुक्त कराया।

# न्यायालय की कार्यप्रणाली पर अधिवक्ताओं ने उठाए सवाल, जांच की मांग

**जहाजपुर बार एसोसिएशन ने जिला कलेक्टर को सौंपा रीडर पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप**

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** बार एसोसिएशन जहाजपुर के अध्यक्ष दीपक सिंह चौहान के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने आज बुधवार को जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को ज्ञापन सौंपकर उपखण्ड न्यायालय एवं सहायक कलेक्टर न्यायालय जहाजपुर में सितम्बर 2025 से 30 अप्रैल तक पारित निर्णयों की जांच कराने की मांग की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि न्यायालय में कई मामलों में अधिवक्ताओं को बिना सूचना दिए निर्णय पारित किए गए तथा समय पर आदेशों और नकल प्रतियों की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। अधिवक्ताओं ने न्यायालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कई प्रकरणों का उल्लेख किया। ज्ञापन के अनुसार अधिवक्ता शशिकांत पत्रिया, नरेन्द्र सिंह मीणा, जाकिर हुसैन और ओमप्रकाश मुण्डड़ा के मामलों में बिना जानकारी के जवाब बंद करने, समय पूर्व प्रकरण खारिज करने, गलत पैरवी दर्ज करने तथा पक्षकारों को सुने बिना आदेश पारित करने जैसे आरोप लगाए गए हैं।

अधिवक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि न्यायालय के रीडर किस्मत मीणा द्वारा आदेशों की प्रतियां देने के नाम पर 200 से 500 रुपये तक की मांग की जाती है तथा अधिवक्ताओं के साथ अशोभनीय व्यवहार किया जाता है। ज्ञापन में रीडर पर गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए उसका डेपोटेशन निरस्त कर मूल पदस्थापन माण्डलगढ़ भेजने की मांग की गई है। बार एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि पीठासीन अधिकारियों द्वारा खुले न्यायालय में निर्णय नहीं सुनाए जाते और कई मामलों में अधिवक्ताओं की उपस्थिति के बावजूद प्रकरणों को अदम पैरवी में खारिज किया जा रहा है। साथ ही सितम्बर 2025 से अब तक के निर्णयों की सूची मांगे जाने के बावजूद उपलब्ध नहीं कराई गई। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो बार एसोसिएशन उग्र आंदोलन करेगा। इधर सहायक कलेक्टर दीपक सांखला ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि अधिवक्ताओं की यदि कोई वास्तविक समस्या है तो उसका कानूनी आधार पर निराकरण कर दिया जाएगा।

# गंदे एवं दूषित पेयजल आपूर्ति को लेकर कांग्रेस नेताओं ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

नगर परिषद के वार्ड संख्या 18 एवं 19 में पिछले एक माह से गंदे एवं दूषित पेयजल की आपूर्ति से परेशान वार्डवासियों की समस्या को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी के साउथ जोन मंडल अध्यक्ष एवं निवर्तमान पार्षद विजय चौहान के नेतृत्व में बुधवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि पिछले एक माह से अधिक समय से क्षेत्र में अत्यंत गंदा, बदबूदार एवं मटमैला पानी सप्लाई हो रहा है, जिससे पेयजल पीने योग्य नहीं रह गया है। दूषित पानी के कारण क्षेत्र में बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है तथा बच्चों एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि वार्ड संख्या 18 एवं 19 में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के गरीब परिवार बड़ी संख्या में निवास करते हैं। अधिकांश लोग दैनिक मजदूरी, नगर परिषद सफाईकर्मी अथवा छोटे-मोटे व्यवसाय एवं रेहड़ी-लॉरी लगाकर जीवनयापन करते हैं। ऐसे में स्वच्छ पेयजल की समस्या उनके लिए गंभीर संकट बन गई है।

# शाहपुरा में 200 साल पुराना ऐतिहासिक कानजी का कुंड, अब प्रशासनिक अनदेखी से अस्तित्व पर संकट

## जल संरक्षण के दावों के बीच बदहाली की मार, कभी राहगीरों की प्यास बुझाता था यह कुंड

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** भीषण गर्मी के दौर में जहां हर बूंद पानी की कीमत समझी जा रही है, वहीं शाहपुरा की ऐतिहासिक धरोहर 'कानजी का कुंड' आज प्रशासनिक उपेक्षा और बदहाली का शिकार होकर अपनी पहचान बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। शाहपुरा से करीब 3 किलोमीटर दूर ओदी एवं ढाणी के बीड़ के पास स्थित यह लगभग 200 वर्ष पुराना ऐतिहासिक कुंड कभी राहगीरों, ग्वालों, चरवाहों और खेतों में काम करने वाले मजदूरों के लिए जीवनदायिनी जलधारा माना जाता था, लेकिन आज यह स्थल नगर पालिका की लापरवाही के कारण डंपिंग यार्ड में तब्दील होता नजर आ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार एक समय ऐसा था जब शाहपुरा से फुलिया कला तक पैदल, साइकिल और बैलगाड़ी से सफर करने वाले लोग इस कुंड के शीतल जल से अपनी प्यास बुझाते थे। बताया जाता है कि किसी भामाशाह ने ग्रामीणों और पशुपालकों की सुविधा के लिए इस कुंड का निर्माण करवाया था। उस दौर में यह केवल जल स्रोत नहीं बल्कि सामाजिक जीवन का अहम केंद्र भी था।

विशेष स्थापत्य शैली में निर्मित कानजी का कुंड आज भी अपनी ऐतिहासिक बनावट और कला के कारण लोगों को आकर्षित करता है। पत्थरों की मजबूत संरचना, गहराई और पारंपरिक जल संरक्षण प्रणाली इस बात का प्रमाण है कि पुराने समय में जल संचयन को कितनी गंभीरता से लिया जाता था। लेकिन अफसोस, संरक्षण के अभाव में यह धरोहर धीरे-धीरे जर्जर होती जा रही है।



सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जब राज्य सरकार मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान और जल संरक्षण को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है, तब आखिर इतने महत्वपूर्ण ऐतिहासिक जल स्रोत को अब तक किसी योजना में शामिल क्यों नहीं किया गया? स्थानीय लोग पूछ रहे हैं कि क्या जल संरक्षण केवल कागजों और भाषणों तक सीमित रह गया है?

स्थिति यह है कि वर्षों से सफाई और रखरखाव नहीं होने के कारण कुंड के आसपास गंदगी का अंबार लग चुका है। नगर पालिका की अनदेखी ने इस ऐतिहासिक धरोहर को कचरा फेंकने की जगह बना दिया है। गर्मियों में जब क्षेत्र में पानी की जरूरत बढ़ती है तब लोगों को फिर इस कुंड की उपयोगिता याद आती है, लेकिन तब तक प्रशासनिक उदासीनता इसकी हालत और खराब कर चुकी होती है।

जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत जीव दया सेवा समिति समय-समय पर स्वयं आगे आकर इस कुंड की साफ-सफाई कर इसकी उपयोगिता बचाने का प्रयास करती रही है। समिति के संयोजक अतू खा कायमखानी ने कहा कि यदि समय रहते इस ऐतिहासिक कुंड का संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में यह धरोहर पूरी तरह खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कानजी का कुंड केवल पानी का स्रोत नहीं बल्कि शाहपुरा की ऐतिहासिक पहचान और स्थापत्य कला की जीवंत मिसाल है।

पूर्व पार्षद डॉ. मोहम्मद इशाक ने भी प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत इस कुंड की तत्काल सफाई और जीर्णोद्धार कराया जाना चाहिए। उनका कहना है कि जल संरक्षण के साथ-साथ ऐतिहासिक धरोहरों को बचाना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन चाहे तो इस ऐतिहासिक कुंड को पर्यटन और जल संरक्षण मॉडल के रूप में विकसित किया जा सकता है। लेकिन फिलहाल हालात यह हैं कि कभी लोगों की प्यास बुझाने वाला यह ऐतिहासिक कुंड आज खुद बचाए जाने की पुकार लगा रहा है।

# बाँकरा में राजस्थान ग्रामीण बैंक की नई शाखा खोलने की मांग तेज

## विधायक गोपीचंद मीणा ने लिखा पत्र

स्मार्ट हलचल

जहाजपुर विधायक एवं भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने ग्राम पंचायत मुख्यालय बाँकरा में राजस्थान ग्रामीण बैंक की नई शाखा खोलने की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने राजस्थान ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष को पत्र लिखकर क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही बैंकिंग सुविधा की समस्या से अवगत कराया।

पत्र में विधायक ने बताया कि बाँकरा सहित आसपास की ग्राम पंचायतें खैरूणा, टीठोड़ा जागीर एवं किशनगढ़ की करीब 24 हजार आबादी को बैंकिंग कार्यों के लिए दूर-दराज क्षेत्रों में जाना पड़ता है। इससे ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं एवं विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्व ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि वर्षों से ग्रामीणों की मांग जल्द ही पूरी होगी बाँकरा तहसील मुख्यालय जहाजपुर से करीब 31 किलोमीटर तथा जिला मुख्यालय भीलवाड़ा से लगभग 110 किलोमीटर दूर स्थित है। ऐसे में क्षेत्र की जनसंख्या और जरूरतों को देखते हुए यहाँ राजस्थान ग्रामीण बैंक की नई शाखा खोलना अत्यंत आवश्यक है।

विधायक गोपीचंद मीणा ने बैंक प्रशासन से ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द नई शाखा खोलने की कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

# रिद्धिमा बल्दवा ने सीबीएसई 12वीं कॉमर्स में हासिल किए 95 प्रतिशत अंक

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

प्रतापनगर निवासी रिद्धिमा बल्दवा ने सीबीएसई 12वीं कॉमर्स बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रिद्धिमा हिंद जिंक स्कूल की छात्रा हैं और उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

रिद्धिमा के पिता निलेश बल्दवा व्यवसायी हैं, जबकि माता डॉ. इन्द्रा बल्दवा मेवाड़ गर्ल्स कॉलेज, गांधीनगर में उप प्राचार्य पद पर कार्यरत हैं। रिद्धिमा ने अपनी सफलता का श्रेय परिवारजनों, दादा-दादी, माता-पिता एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन और आशीर्वाद को दिया है।



रिद्धिमा ने बताया कि उन्होंने नियमित अध्ययन, स्कूल में अध्यापकों द्वारा दिए गए ज्ञान एवं घर पर मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई कर यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि भविष्य में उनका लक्ष्य चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर देश और समाज की सेवा करना है।

रिद्धिमा की इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# चेक अनादरण के पांच मामलों में अभियुक्त दोषमुक्त

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट एनआई एक्ट-2 न्यायालय ने चेक अनादरण के पांच मामलों में अभियुक्त घीसू खटीक को दोषमुक्त कर दिया। यह मामले कुल 13 लाख 50 हजार रुपये से संबंधित थे।

जानकारी के अनुसार केस नंबर 126/22, 127/22, 128/22, 129/22 एवं 130/22 में परिवादी लादूलाल मटोरिया निवासी रायला ने अभियुक्त घीसू खटीक पिता देवीलाल खटीक निवासी रायला के खिलाफ न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किए थे। परिवादी का आरोप था कि घीसू खटीक ने उनसे 13.50 लाख रुपये उधार लिए थे तथा भुगतान के बदले पांच चेक दिए थे, जो अनादरित हो गए। मामले में अभियुक्त पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजू डिडवानिया ने पैरवी करते हुए न्यायालय में अपने तर्क एवं कानून संबंधी पक्ष प्रस्तुत किया। समस्त साक्ष्यों एवं विचारण के बाद न्यायालय ने अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत तथ्यों से सहमत होते हुए अभियुक्त घीसू खटीक को पांचों मामलों में दोषमुक्त कर दिया। मामले की पैरवी भीलवाड़ा जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता राजू डिडवानिया ने की।

# कॉरपोरेट प्रीमियर लीग जारी




स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

ब्राह्मण प्रोफेशनल फॉउंडेशन के तत्वाधान में चल रहे कॉरपोरेट प्रीमियर लीग के चौथे दिन का पहला मैच आदित्य बिरला और डीएसए टाइटंस के बीच खेला गया। जिसमें डीसए टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 126 रन बनाए जिसके जवाब में हेमेन्द्र के शानदार प्रदर्शन के दम पर आदित्य बिरला ने छः विकेट से जीत दर्ज की, दिन का दूसरा मैच आईसीआईसीआई एचडीएफसी हंटर और कैपरी धुरंधर के मध्य खेला गया। विनायक सोलर एनर्जी के आदित्य शर्मा ने बताया आईसीआईसीआई ने गोपाल पांडे और पिंटू चौधरी की शानदार बल्लेबाजी के दम पर 10 ओवर में 165 रन का विशाल स्कोर बनाया जिसके जवाब में कैपरी धुरंधर 97 रन ही बना सकी और इस प्रकार आईसीआइसीआइ ने 68 रन से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह पक्की करी,दिन का अंतिम मैच कोटक महिंद्रा बैंक और आधार हाउसिंग के बीच बहुत रोमांचक रहा जिसमें आधार हाउसिंग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 134 रन बनाए जिसके जवाब में कोटक महिंद्रा की ओर से खेलते हुए विजय सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 91 रन की पारी खेली फिर भी कोटक महिंद्रा बैंक 3 रन से मैच हार गई इस रोमांचक मैच की अंतिम तीन गेंदों पर विजय सिंह एक भी रन नहीं बना सके।

# लाखों की बिल्डिंग पर ताला, आंगनबाड़ी में इलाज! खेरूना उप स्वास्थ्य केंद्र बना सरकारी लापरवाही का नमूना

## तीन महीने से तैयार खड़ा है नया भवन, 30 नौनिहालों के बीच तंग हॉल में चल रहा स्वास्थ्य केंद्र; ग्रामीणों में भारी रोष





स्मार्ट हलचल

**खजुरी।** सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा ढांचे को मजबूत करने के लिए करोड़ों रुपए के बजट का दावा करती है, लेकिन धरातल पर अधिकारियों की उदासीनता इन दावों की हवा निकाल रही है। ताजा मामला टीटोडा जागीर पीएचसी के अंतर्गत आने वाले खेरूना उप स्वास्थ्य केंद्र का है, जहाँ लाखों की लागत से बनी नई बिल्डिंग पिछले तीन महीनों से धूल फांक रही है और मरीज आंगनबाड़ी के बच्चों के बीच इलाज कराने को मजबूर हैं।

### तैयार भवन पर लटका है ताला

ग्रामीणों के अनुसार, उप स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन करीब तीन माह पूर्व ही बनकर तैयार हो गया था। ठेकेदार ने निर्माण कार्य पूरा कर भवन को चिकित्सा विभाग के सुपुर्द भी कर दिया है, लेकिन विभागीय अधिकारी उद्घाटन की औपचारिकताओं और किन्हीं अज्ञात कारणों से इसे चालू नहीं कर रहे हैं। नतीजा यह है कि आधुनिक सुविधाओं से लैस बिल्डिंग बेकार खड़ी है और उस पर ताला लटका हुआ है।

### नौनिहालों के हक पर 'स्वास्थ्य' का कब्जा

वर्तमान में स्वास्थ्य केंद्र का संचालन गांव के आंगनबाड़ी केंद्र के एक छोटे से हॉल में किया जा रहा है। इस आंगनबाड़ी में लगभग 30 छोटे बच्चों का नामांकन है। इसी एक हॉल में बच्चों की गतिविधियां भी चलती हैं और स्वास्थ्य केंद्र का भारी-भरकम सामान भी रखा गया है। तंग जगह में मरीजों के आने-जाने से बच्चों की पढ़ाई और खेलकूद बाधित हो रहा है, वहीं संक्रमण का खतरा भी बना रहता है।

### ग्रामीणों की चेतावनी

ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की बात करती है, वहीं दूसरी ओर तैयार संसाधनों का उपयोग न करना विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नए भवन में अस्पताल शिफ्ट नहीं किया गया, तो वे आंदोलन को मजबूर होंगे।

### अधिकारियों का पक्षः

'मैंने पीएचसी प्रभारी को बहुत पहले ही नए भवन में उप स्वास्थ्य केंद्र शुरू करने के निर्देश दे दिए थे। यदि अभी तक वहां संचालन शुरू नहीं हुआ है, तो यह गंभीर विषय है। मैं जल्द ही इस मामले को दिखवाकर नई बिल्डिंग में स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ करवाता हूँ। '

भागीरथ मीणा, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी

# निर्माणाधीन अतिक्रमण हटाने की मांग, नगर पालिका में दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल | गंगापुर

नगर पालिका गंगापुर के वार्ड संख्या 03 में आम रास्ते पर किए जा रहे अतिक्रमण को हटाने एवं सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई कराने की मांग को लेकर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

प्रार्थी मुकेश पुत्र सूरजमल माली गंगापुर ने दिए ज्ञापन में बताया कि गौतम आश्रम के सामने स्थित आवासीय कॉलोनी में अनुमोदित नक्शे के अनुसार 30 फीट चौड़ी सड़क छोड़ी गई थी। आरोप है कि कॉलोनी के कुछ हिस्सों में आम रास्ते पर पक्का निर्माण कर अतिक्रमण किया जा रहा हे, जिससे आम रास्ता प्रभावित हो रहा है।




ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मेलोनी निवासी मुरली सालवी द्वारा सड़क की भूमि पर निर्माण कार्य कर सार्वजनिक रास्ते को संकरा किया जा रहा है। साथ ही नगर पालिका द्वारा निर्मित सार्वजनिक टॉयलेट को भी क्षतिग्रस्त करने के आरोप लगाए गए हैं।

प्रार्थी ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि रोड भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण को शीघ्र रूकवाया जाए तथा सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई संबंधित व्यक्ति से वसूली जाए। प्रार्थी ने बताया कि अतिक्रमण करने वाला व्यक्ति सत्ता धारी भाजपा पार्टी से संबंध रखता है और इसी का फायदा उठा रहा है

इस दौरान ज्ञापन पर कई स्थानीय नागरिकों के हस्ताक्षर भी किए गए।

# सरदार नगर ग्राम पंचायत की चारागाह भूमि पर अवैध खनन को रोकने की मांग



स्मार्ट हलचल | बनेड़ा

उपखण्ड सर्किल के सरदारनगर ग्राम पंचायत की चरागाह भुमि पर हो रहे अवैध खनन को रूकवाने की मांग को लेकर के विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। विकास अधिकारी गणेश नारायण शर्मा को सौंपे अपने ज्ञापन में बताया कि सरदारनगर ग्राम की चरागाह भुमि पर अवैध रूप से मिट्टी खनन कार्य जोरों पर चल रहा है। चरागाह भुमि से मिट्टी खनन करके आसपास के गावो और औद्योगिक संस्थान तक पंहुचाई जा रही है। अवैध खनन के कारण जहा पर्यावरण के साथ चरागाह भुमि मे लगे पेड पौधे भी धराशायी हो रहै है। अवैध खनन के कारण चरागाह भुमि मे बडे बडे गड्ढे पडे हुए हैं। जो कि मवेशियों के लिए हादसे का कारण बन सकता है। मगर फिर भी स्थानीय प्रशासन द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ज्ञापन देने वालों में रामपाल कुमावत,कैलाश कुमावत, राजू तेली, मोनू कुमावत, मोनू सिंह सहित अन्य जने उपस्थित थे।

# शिक्षा ही जीवन का आधार, मातृभूमि को कभी न भूलें: जेपी अग्रवाल

## गंगापुर के पीएम श्री स्कूल में गीतांजलि ग्रुप द्वारा डेढ़ करोड़ की अत्याधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला का लोकार्पण




स्मार्ट हलचल

**रायपुर/गंगापुर।** गंगापुर स्थित पीएम श्री स्कूल में गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उदयपुर की ओर से स्वर्गीय श्री मगनी राम जी अग्रवाल एवं श्रीमती नर्मदा देवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में नवनिर्मित अत्याधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला का भव्य लोकार्पण किया गया। करीब डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से बनी इस प्रयोगशाला का उद्घाटन गीतांजलि ग्रुप के चेयरमैन जेपी अग्रवाल एवं निदेशक अंकित अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इससे पूर्व पंडित जगदीश आचार्य के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ-हवन संपन्न हुआ।

### भावुक हुए चेयरमैन, सहपाठियों संग थिरके

समारोह के दौरान एक बेहद भावुक दृश्य तब देखने को मिला जब चेयरमैन जेपी अग्रवाल अपने बचपन के सहपाठियों से मिले। पुरानी यादें ताजा होते ही वे खुद को रोक न सके और मित्रों के साथ नाचने लगे। उन्होंने अपने गुरुजनों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया और छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि गंगापुर की मिट्टी से उनका विशेष जुड़ाव है।

### प्रतिभाओं को मिलेगी नई उड़ान

मुख्य वक्ता और राज्यपाल के सलाहकार कैलाश सोडानी ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण की नींव है। उन्होंने गीतांजलि ग्रुप के इस योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ऐसी लैब बनने से स्थानीय प्रतिभाओं को नई उड़ान मिलेगी। समारोह में अंकित अग्रवाल, गीता देवी, लादूलाल हिरण, कैलाश मेहता सहित कई गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा ने सुवाणा ब्लॉक का किया दौरा, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के दिये निर्देश

## हीट वेव तैयारियों, लाडो प्रोत्साहन योजना एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुधारने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बुधवार को सुवाना ब्लॉक के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक निर्देश चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को प्रदान किए। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने पीएचसी दाथल, पीएचसी आमलीगढ़, पीएचसी मंगरोप एवं ब्लॉक कार्यालय सुवाना का दौरा किया। उन्होंने अस्पतालों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आमजन को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लिया। साथ ही चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि संस्थानों में आने वाले प्रत्येक मरीज का समुचित स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराया जाए।





निरीक्षण के दौरान खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुवाना डॉ. अंकित शर्मा सहित अन्य अधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। गर्मी के मौसम एवं हीट वेव की स्थिति को देखते हुए सीएमएचओ ने चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया तथा दवाइयों, पेयजल, शीतलन व्यवस्था एवं अन्य जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने लाडो प्रोत्साहन योजना की भी समीक्षा की गई। उन्होंने प्रथम एवं द्वितीय किश्त से वंचित लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से योजना का लाभ दिलाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही अतिरिक्त एनसीडी कार्यक्रम सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर उन्होंने आवश्यक सुधार लाने एवं आमजन को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

# मरुधरा बॉक्स प्रीमियर लीग का सफल आयोजन, हैप्पी लाइफ टाइटंस बनी विजेता

## मातृशक्ति, युवा और बच्चों की विशेष भागीदारी से आयोजन बना यादगार, दर्शकों ने किया उत्साहवर्धन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** मरुधरा समाज द्वारा आयोजित 'मरुधरा बॉक्स प्रीमियर लीग' का भव्य एवं सफल आयोजन उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में विशेष उत्साह, उमंग और खेल भावना का शानदार माहौल देखने को मिला। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल प्रतिभा का परिचय दिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद 'हैप्पी लाइफ टाइटंस' टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबला जीतकर खिताब अपने नाम किया। टीम की जीत पर खिलाड़ियों एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। संयोजक अनुराग गगरानी व सहसंयोजक योगेश मुंदडा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारा और खेल भावना को बढ़ावा देना है।




कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति, युवाओं एवं बच्चों की विशेष भागीदारी रही, जिसने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। युवा मंच के मंत्री हर्ष राठी ने बताया कि टूर्नामेंट में बेस्ट प्लेयर तथा बेस्ट बॉलर का खिताब मनीष बाहेती को मिला तथा बेस्ट बैट्समैन प्रियांशु हुरकट रहे। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मरुधरा माहेश्वरी संस्थान के अध्यक्ष दिनेश राठी तथा सचिव नारायण बाहेती ने सराहना की तथा अध्यक्ष मनीष बजाज, प्रभारी महादेव बाहेती व उनकी पूरी टीम को साधुवाद दिया। कार्यक्रम में राधेश्याम सोमानी, राजेश बाहेती, पुरुषोत्तम बजाज, राजेश बियानी, विनय जी मूंदड़ा, महेश जाजु, राकेश काबरा, संदीप बगड़ा, मनीषा झंवर, श्रुति बाहेती, इशिता झंवर, आदि समाजजन उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों, सहयोगियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प दोहराया।

### श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस का हुआ शुभारंभ

# भागवत कथा से भक्ति ज्ञान वैराग्य व तत्व प्राप्ति संभव - संत दिग्विजयराम

स्मार्ट हलचल|निंबाहेड़ा





निंबाहेड़ा मे बुधवार को संत दिग्विजयराम जी महाराज द्वारा कृषि उपज मण्डी समिति में श्रीमद भागवत कथा महोत्सव के प्रथम दिवस का आयोजन किया गया। कथा मे संत दिग्विजयराम जी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत से ही राजा परिक्षित के सभी भ्रम दूर हो सके। उन्होंने बताया कि भागवत वक्ता वैरागी एवं श्रोता प्रभु अनुरागी हो तभी भक्ति सरिता प्रवाहित होने का आनंद मिल सकता हैं। उन्होंने भागवत के प्रथम श्लोक का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान का सद् चित रूप हैं, जिनके दर्शन मात्र से दैहिक सुख संभव हैं। उन्होंने भगवान शिव द्वारा पार्वती को अमर कथा श्रवण कराने के दौरान शुक सूत द्वारा श्रवण करने पर शिव द्वारा क्रोधित होकर उसे मारने का उद्धम करने तथा शुक सूत द्वारा वेद व्यास की भार्या के मुख के माध्यम से गर्भस्थ होकर 12 वर्ष उपरांत बाहर आते ही वनवास जाकर भागवत भक्ति करने का मार्मिक वर्णन किया। इसके साथ ही सूत द्वारा 88 हजार ऋषियों को कथा श्रवण कराते हुए कहा कि नींद और निंदा जीव के दो शत्रु हैं। जिन पर विजय पाने से ही प्रभु भक्ति और मोक्ष प्राप्ति संभव हैं। उन्होंने ज्ञान और वैराग्य की चर्चा करते हुए कहा कि सनद कुमारों द्वारा भागवत श्रवण कराने से ज्ञान और वैराग्य वृद्धावस्था से पुन युवा बन पाए। उन्होंने आत्मदेव धूंधूंली और गोकर्ण के संदर्भ का उल्लेख करते हुए कहा कि मनुष्य गोकर्ण के ज्ञान से ही धूंधूकारी प्रेत योनी से मुक्त हो सका। कथा के दौरान भक्त शिरोमणि मीरा के भजनों का भी वाचन किया गया। प्रारंभ में श्री कल्लाजी की पूजा अर्चना करते हुए व्यासपीठ का पूजन किया गया। प्रथम दिवस की कथा विश्राम पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने व्यासपीठ की आरती की।


शोभायात्रा एवं कलश यात्रा का भी आयोन किया गया। भक्तिमय मेवाड़ के प्रसिद्ध श्री शेषावतार कल्लाजी की नगरी निंबाहेड़ा में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के प्रथम दिवस ठाकुर जी के मंदिर से कथा स्थल तक शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान लगभग 100 गांवों की प्रभातफेरियों के साथ ही कलश लिए माता बहनों के साथ केसरियां बाने में सुसज्जित वीर वीरांगनाएं, पारंपरिक वेशभूषा में वेद विद्यालय के बटुकों , उंट, उंट गाड़ियां, बैंड, 21 मालवी ढोल पूरे मार्ग को गुंजायमान कर रहे थे। साथ ही तुलसी, राधा कृष्ण, वेदव्यास जी के अलावा सजीव बाहुबली हनुमान की झांकियां विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। यह शोभायात्रा कल्लाजी मंदिर से प्रारंभ होकर कल्याण चौक, स्वामी विवेकानन्द सर्कल, नूर महल रोड़, कैची चौराहा, चंदन चौक, परशुराम सर्कल, बस स्टैंड, मण्डी राहा होते हुए सोनी परिवार के आवास पहुची जहा पर तुलसी महारानी का विवाह ठाकुर सालिगराम जी के साथ कराया गया।

इस दौरान आरके कॉलोनी, भारत विकास परिषद, लायंस क्लब, प्रबुद्ध नागरिक संस्थान, मून्दड़ा परिवार, शारदा परिवार, पंचोली परिवार, सिंधी पंचायत, टूटाईटन, व्यापार संघ, सोनी परिवार, बाबा रामदेव व्यायामशाला, श्याम मित्र मण्डल, भूतड़ा परिवार, मंत्री परिवार, महेश नगर निवासी सहित अन्य संस्थाओं एवं संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा से स्वागत करते हुए ठाकुर जी की पूजा अर्चना की। इस दौरान सुसज्जित बग्गी में संत दिग्विजयरामजी तथा ठाकुर जी का सुसज्जित रथ शोभायमान था। कथा के द्वितीय दिवस कल कुंती स्तुति व शुकदेव मुनि आगमन का प्रसंग व्यासपीठ से श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस मंगलवार को संत दिग्विजयराम जी द्वारा दोपहर 1 बजे से कथावाचन का आरंभ करते हुए कुंती स्तुति, भीष्म स्तुति, राजा परिक्षित को श्राप तथा शुकदेव मुनि के आगमन के प्रसंगों का वर्णन करेंगे।

## सीबीएसई 12वीं परिणाम में हिंद जिंक स्कूल का शानदार प्रदर्शन







स्मार्ट हलचल|चित्तौड़गढ़

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में हिंद जिंक स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न संकायों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल छा गया।

विद्यालय के वाणिज्य संकाय में सभी 27 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। छात्र चिन्मय काबरा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। साथ ही मुख्य विषयों के आधार पर जिले में भी पहला स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं अनुष्का सोमानी ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा ऋद्धिमा बलदवा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

इसी प्रकार विज्ञान संकाय में भी विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 35 में से सभी 35 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। छात्रा उर्वी समदानी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेजल मोगरा ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि सौभाग्य सिंह मेड़ावत एवं विशेष वैष्णव ने 91-91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आलोक रंजन, सचिव अमित सुराणा, प्राचार्या श्रीमती बिंदु नायर एवं उप प्राचार्य नरेश नूनिया ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## सहकारी समितियों के लिए ऑडिट प्रस्ताव अपलोड करने की अंतिम तिथि 31मई

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

सहकारिता विभाग द्वारा उदयपुर संभाग की सहकारी संस्थाओं के वैधानिक अंकेक्षण (ऑडिट वर्ष 2025-26) के लिए राजसहकार पोर्टल पर प्रस्ताव अपलोड करने की अंतिम तिथि 31 मई 2026 निर्धारित की गई है।

क्षेत्रीय अंकेक्षण अधिकारी आशुतोष भट्ट ने बताया कि राजस्थान सहकारी सोसायटी नियम, 2001 के नियम 2003 के नियम 73 (4) के प्रावधानों के तहत आगामी वित्तीय वर्ष के मई महीने के अंत (31.05. 2026) तक हर वित्तीय वर्ष के अंतिम लेखों की लेखा परीक्षा के लिए ऑडिटर या ऑडिट फर्म की नियुक्ति की जा सकती है। इसके लिए प्रस्ताव संचालक मण्डल की बैठक में लिया जाएगा तथा ऑडिट के लिए दिए जाने वाले ऑडिट पारिश्रमिक का विवरण भी अनिवार्य रूप से देना होगा। वर्तमान वर्ष 2026 में जो भी संस्थाएं ऑडिट के लिए प्रस्ताव ले चुकी हैं, वे राजसहकार पोर्टल पर सभी प्रस्तावों को हस्ताक्षर सहित अपलोड करें। तय तिथि 31 मई 2026 के बाद सहकारी समितियों के प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे और विभाग द्वारा सीधे आवंटन कर दिया जाएगा।

## खाद के निर्धारित मूल्य से अधिक मांग पर किसान ने जताया विरोध

स्मार्ट हलचल| सांवलिया जी

खाद विक्रेता नवकार फर्टिलाइजर भादसोड़ा रोड़, मण्डफिया द्वारा किसान से खाद बैग की निर्धारित मूल्य से अधिक राशि की मांग की। मंगलवार को एक किसान म्यूरिएट ऑफ पोटाश (एमओपी) खाद का बैग खरीदने उक्त दुकान पर पहुंचा, दुकान पर ओस्तवाल फॉस्केम इंडिया लिमिटेड कंपनी का एमओपी उर्वरक उपलब्ध था, जिस पर निर्धारित खुदरा मूल्य (प्रिंट रेट) 1850 रुपये अंकित था। इसके, बावजूद विक्रेता नितिन कोठारी पुत्र अशोक कोठारी द्वारा उक्त खाद बैग के लिए 2200 रुपये की मांग की गई, जो कि निर्धारित मूल्य से 350 रुपये अधिक है। निर्धारित खुदरा मूल्य (प्रिंट रेट) से अधिक राशि की मांग की, जिस पर हंगामा खड़ा हो गया। किसान द्वारा जागरूकता दिखाते हुए इस संबंध में चित्तौड़गढ़ के संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) डॉ. शंकरलाल जाट एवं सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) अंशु चौधरी को दूरभाष पर सूचना दी गई। शिकायत के बाद विक्रेता द्वारा किसान को निर्धारित मूल्य पर ही खाद उपलब्ध कराई। अधिकारियों की त्वरित दखल के बाद विक्रेता के मंसूबे कामयाब नहीं हो पाए। अधिक राशि मांगने पर विक्रेता और किसान के बीच बहस-बवाल हुआ, लेकिन उच्च अधिकारियों से शिकायत होने के बाद निर्धारित मूल्य में खाद देना पड़ा। इस घटना को लेकर क्षेत्र के किसानों ने खाद लेने गए किसान की जागरूकता की सराहना की। विक्रेता द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक मांग करने की यह घटना क्षेत्र के किसानों के साथ हो रही मनमानी और आर्थिक शोषण को उजागर करती है। किसानों का कहना है कि इस प्रकार की गतिविधियों से अन्नदाता स्वयं को ठगा हुआ महसूस करता है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि ऐसे विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

**कृषि मंत्री को पत्र लिख कर बताई घटना -**

नवकार फर्टिलाइजर (खाद विक्रेता) द्वारा मनमानी कर निर्धारित मूल्य से अधिक मांगने पर भादसोड़ा निवासी युवा किसान राधे सुथार ने बुधवार को कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा को पत्र लिखकर उपयुक्त कार्यवाही की मांग की।

**इनका कहना हैं -**

खाद विक्रेताओं द्वारा अपनी मनमानी कर काश्तकारों से निर्धारित मूल्य से अधिक मांग की जाती हैं। किसान जागरूक बने और सतर्क रहे, ऐसी स्थिति में उच्च अधिकारियों को अवगत कराए।

**राधे सुथार, युवा किसान एवं सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता, भादसोड़ा**

## श्री गुजरगौड़ ब्राह्मण महासभा की नवीन जिला कार्यकारिणी घोषित

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़

अखिल भारतवर्षीय श्री गुजरगौड़ ब्राह्मण महासभा की नवीन जिला कार्यकारिणी की घोषणा बुधवार को की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, प्रधानमंत्री प्रद्युम्न जोशी, मुख्य संरक्षक ओमप्रकाश उपाध्याय एवं उप प्रधानमंत्री मधुसूदन पंचारिया की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष प्रशांत शर्मा एवं जिला महामंत्री राजेंद्र चतुर्वेदी ने नई कार्यकारिणी का गठन किया।

जिला महामंत्री राजेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि नवीन कार्यकारिणी में मुख्य संरक्षक ओमप्रकाश उपाध्याय, जिलाध्यक्ष प्रशांत शर्मा, जिला महामंत्री राजेंद्र चतुर्वेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनायक द्विवेदी तथा कोषाध्यक्ष बद्रीलाल शर्मा गांधीनगर को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसके अलावा संरक्षक मंडल, सलाहकार मंडल, संगठन मंत्री, जिला प्रवक्ता, उपाध्यक्ष, जिला मंत्री, आईटी सेल, सांस्कृतिक, शिक्षा, मीडिया, व्यापार, खेल, अनुशासन, ज्योतिष, विधि एवं न्याय तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ सहित विभिन्न प्रकोष्ठों में समाज के वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को दायित्व प्रदान किए गए हैं।

नई कार्यकारिणी में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से समाजजनों को प्रतिनिधित्व दिया गया है, जिससे संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। महासभा पदाधिकारियों ने कहा कि समाज हित, संगठन विस्तार एवं युवाओं को समाज से जोड़ने के उद्देश्य से नई टीम सक्रिय रूप से कार्य करेगी।

## संत श्री दिग्विजयरामजी महाराज से पत्रकारों की आत्मीय भेंट

**श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के दौरान आदर्श कॉलोनी स्थित आवास पर हुआ सौहार्दपूर्ण मिलन**



स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा

सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के अंतर्गत बुधवार दोपहर आदर्श कॉलोनी स्थित सोनी माहेश्वरी परिवार के निजी आवास पर रामस्नेही संप्रदाय के प्रखर संत एवं कथा वाचक संत श्री दिग्विजयरामजी महाराज से पत्रकारों की आत्मीय एवं सौहार्दपूर्ण भेंट हुई।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार बालमुकुंद राठी एवं ज़ाकिर हुसैन ने व्यासपीठ पर विराजमान संत श्री दिग्विजयरामजी महाराज का उपराणा ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

भेंट के दौरान धर्म, समाज, संस्कार एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण को लेकर आत्मीय चर्चा हुई। संत श्री महाराज ने कहा कि धार्मिक आयोजनों एवं आध्यात्मिक विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। समाज में सकारात्मकता, नैतिक मूल्यों एवं भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु मीडिया का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहा है।

पूरे वातावरण में आत्मीयता, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक भावनाओं का सुंदर समागम देखने को मिला।

उल्लेखनीय है कि निंबाहेड़ा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं तथा संत श्री दिग्विजयरामजी महाराज की मधुर अमृतवाणी से भक्तिरस का रसपान कर रहे हैं।

## सेन समाज क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन, राजसमंद टीम बनी विजेता

स्मार्ट हलचल| निम्बाहेड़ा



सेन समाज निम्बाहेड़ा के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला राजसमंद एवं गादोला टीम के बीच खेला गया, जिसमें राजसमंद टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 45 रन से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष संदीप सेन ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, पूर्व भाजपा नगर महामंत्री वीरेश चपलोत, भाजपा नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बुनकर एवं केली सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम टेलर मौजूद रहे।

फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए राजसमंद टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गादोला टीम निर्धारित 12 ओवर में 5 विकेट खोकर 98 रन ही बना सकी। इस प्रकार राजसमंद टीम ने 45 रन से शानदार जीत हासिल कर प्रतियोगिता की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रवि सेन को 'मैन ऑफ द टूर्नामेंट बॉलर' तथा विनीत सेन को 'बेस्ट मैन ऑफ द टूर्नामेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट संयोजक कालू सेन ने बताया कि विजेता टीम को आयोजन समिति की ओर से विधायक श्रीचंद कृपलानी एवं अतिथियों द्वारा 21 हजार रुपए नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए नगद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय नाई महासभा के राष्ट्रीय महासचिव महावीर प्रसाद सेन ने उपविजेता टीम को अपनी ओर से 11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत नगर अध्यक्ष संदीप सेन, गोपाल सेन, ललित गहलोत, राजेश सेन, रवि सेन, अर्जुन सैन, कैलाश सैन एवं चोकरा अध्यक्ष राधेश्याम श्याम सहित समाजजनों द्वारा मारवाड़ी साफा एवं उपरना पहनाकर किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में नाई जागृति मंच के जिला अध्यक्ष शंकर ढोला मारू, देवराज सैन, बनवारी सेन, गोपाल सेन, रत्नेश सेन, नाथूलाल सेन, कालू सेन गादोला, अशोक चौहान, विनोद सेन, नारायण सेन, उमेश सेन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। अंत में टूर्नामेंट संयोजक कालू सेन ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

## डाइट में शुरू हुई शोध अध्ययन समीक्षा कार्यशाला



स्मार्ट हलचल|उदयपुर

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट उदयपुर द्वारा नवीन शैक्षिक सत्र 2026-27 में शोध अध्ययन समीक्षा के लिए कार्यशाला का शुभारम्भ आज बुधवार को डाइट प्रिंसिपल शीला काहाल्या की अध्यक्षता में किया गया।

डाइट उदयपुर के सेवारत प्रभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला के बारे में प्रभागाध्यक्ष गायत्री जोशी एवं प्रभारी अधिकारी अमृता जोशी ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यशाला में गत सत्र के दौरान डाइट द्वारा निष्पादित किए गए 12 सर्वे शोध अध्ययन,5 क्रियात्मक अनुसंधान,3 केस स्टडी सहित डाइट के समस्त प्रभागों की प्रभाग स्तरीय शोध कार्यों की समीक्षा की जाएगी। इस कार्यशाला में कल्पेश कुमार जैन , डा. कल्पना सुथार ,अशोक सिमलिया ममता जैन तथा सुरेश पटेल शोध विशेषज्ञ के रूप में भाग ले रहे हैं।

## सामुहिक सम्मेलन के प्रमाण पत्र नगर पालिका द्वारा बनवाये

स्मार्ट हलचल



सांगोद 13 मई को माली समाज तीनों पंचायत द्वारा आयोजित 29 अप्रैल को सामूहिक विवाह सम्मेलन सांगोद के 35 विवाह प्रमाण पत्र समाज द्वारा नगर पालिका सांगोद में विवाह प्रमाण पत्र बनवाये इन विवाह प्रमाण पत्र को महिला बाल विकास कोटा में भिजवाए जाएंगे ताकि मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना कन्यादान के तहत वधु को सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करने पर 21000 रुपए का अनुदान दिया जाता है और सम्मेलन की संस्था को 4000 प्रति जोड़ के हिसाब से मिलते हैं इसी योजना के तहत मालियन समाज तीनों पंचायत द्वारा 29 अप्रैल को कुंदनपुर रोड सांगोद में 36 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया था इस मौके पर समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र गहलोत घनश्याम रूवाला वीरेंद्र सुमन बाबूलाल दान किया बबलू सुमन त्रिलोक सुमन तोलाराम जगन्नाथ रुवाला प्रेमचंद सुमन नंदकिशोर प्रमोद सुमन लालचंद सुमन घनश्याम सुमन परमानंद भोली आदि सदस्य उपस्थत थे।

## अरनिया पंथ पीएचसी पर 10 वी बार चोरी, लाखों के सामान पर किया हाथ साफ

स्मार्ट हलचल| ओम जैन





**शंभूपुरा।** थोड़े थोड़े समय मे चोरों के निशाने पर रहे अरनिया पंथ हॉस्पिटल में एक बार फिर चोरों ने हाथ साफ करते हुए लाखो के समान चोरी कर ले गए।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरनिया पंथ चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रियंका वर्मा ने बताया कि रोज की भांति बुधवार सुबह सहायक कर्मचारी द्वारा पीएचसी आकर देखा तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा तो सारे कमरे के ताले टूटे हुए मिले, विभिन्न कमरों से सामान चोरी तथा तोड़फोड़ एवं सारा सामान रिकॉर्ड रजिस्टर एवं लेब से जांच किट आदि बिखरे हुए पाए गए।

घटना की सूचना तुरन्त मौके पर पहुंचे दीपक जायसवाल एवं ग्रामीणों ने शंभूपुरा थाने में दी, पुलिस ने मौके पर पहुंच मौका मुआयना किया, एवं घटना की जांच में जुट गई।

इधर डॉ प्रियंका ने शंभूपुरा थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि कई कमरों से एसी, कम्प्रेसर, इन्वर्टर, कई बड़ी बैटरी, हार्ड डिस्क, कैमरे, बड़ा डबल डोर फ्रीज, स्टेपलाइज, जम्बो कूलर, प्लास्टिक बॉडी कूलर, दरी, चादर, सहित कई समान चोरी कर ले गए एवं कई समान में तोड़फोड़ कर गए जिससे लाखों का नुकसान हुआ है, पूर्व में भी यहाँ लगातर चोरी की घटना होती रही है लेकिन एक भी घटना का खुलासा नही होने से यहाँ चोरों के हौंसले बुलंद है जिससे बार बार चोरी की घटना होती रहती है, हॉस्पिटल प्रबंधन एव ग्रामीणों ने रोष जताते हुए पुलिस से जल्द मामले का खुलासा कर समान बरामदगी की मांग की है।

इधर शंभूपुरा थानाधिकारी धर्मराज मीणा में बताया कि एरिया सुनसान होने से यहाँ ऐसी घटना हुई है, हम रात्रि गस्त के समय भी हाइवे से रुककर इधर देखते हुए ही निकलते है, घटना की रिपोर्ट मिली है, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जल्द खुलासे का प्रयास रहेगा।

## बालाजी मंदिर पर तृतीय पाटोत्सव एवं विशाल भजन संध्या 17 को

स्मार्ट हलचल




**शंभूपुरा।** शंभूपुरा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्टेशन रोड स्थित बालाजी मंदिर पर भव्य पाटोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

मन्दिर कमेटी अध्यक्ष कृष्ण गोपाल न्याति एव कार्यक्रम संरक्षक राम प्रसाद जाट ने बताया कि 16 मई सुबह मन्दिर में अभिषेक होगा एवं 16 मई शाम 8 बजे से जय सिया राम मित्र मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। 17 मई सुबह हवन होगा, तत्पश्चात ध्वजा चढ़ाई जाएगी। 17 मई श्याम को विशाल भजन संध्या होगी जिसमे सुर सम्राट गोकुल शर्मा भजनों की प्रस्तुति देंगे एव बालाजी का प्रसाद वितरण किया जाएगा। कमेटी सदस्यों एव ग्राम वासियों द्वारा जोरो सोरों से तैयारियां की जा रही है।

## मदिरा दुकानों के 30 कलस्टर के अनुज्ञापत्र हेतु ई-नीलामी 15 मई को

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार आबकारी एवं मद्य संयम नीति वर्ष 2025-29 में संशोधन के प्रावधान के अनुसार वर्ष 2026-27 के लिए नवीनीकरण से शेष रही पड़त मदिरा दुकानों के कलस्टर (समूह) की ऑनलाईन ई-नीलामी के लिए विभागीय वेबसाईट ीजजचेध्ध्पमउेण्तंरेंजींदण्हवअण्पद पर नीलामी शुक्रवार, 15 मई 2026 को प्रातः 11 से सांय 4 बजे तक ई-बोली आमंत्रित की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में शेष 30 कलस्टर पर 62 दुकानों का बंदोबस्त किया जाना है।

**यह है प्रक्रिया**

आबकारी आयुक्त के अनुसार ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक बोलीदाता द्वारा विभागीय वेबसाईट से अपने एसएसओ आईडी के माध्यम से लॉगइन करते हुए विभागीय ई-ऑक्शन पोर्टल में निर्धारित प्रक्रियानुसार एक बारीय पंजीकरण करने के बाद ऑनलाईन नीलामी में भाग लिया जा सकेगा। इच्छुक बोलीदाता को ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व सर्वप्रथम राजस्थान सरकार के पोर्टल पर सिटीजन केटेगरी के अन्तर्गत एसएसओ आईडी बनाना जरूरी है। उक्त नीलामी एक कार्य दिवस में न्यूनतम 5 घंटे की होगी एवं उसके पश्चात् जब तक बोली लगती रहे तब तक 10 मिनट के अनन्त विस्तार तक जारी रहेगी। बोलीदाता को कम से कम 10 हजार रूपए अथवा 10 हजार के गुणांक में बढाकर बोली लगानी होगी। बोलीदाता एक बार में रिजर्व प्राईस पिछली बोली से 10 प्रतिशत से अधिक राशि बढाकर बोली नही लगा सकेगा। कलस्टर का जिलेवार एवं उनके आवेदन शुल्क, संशोधित न्यूनतम रिजर्व प्राईस एवं अमानत राषि का विवरण विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगा। ऑनलाईन नीलामी में एसएसओ आईडी के माध्यम से भाग लेने के इच्छुक आवेदक द्वारा कलस्टर का चयन कर आवेदन शुल्क एवं अमानत राषि यथासंभव नीलामी की तिथि से एक दिवस पहले रात 11.59 तक बोलीदाता के ऑनलाईन भुगतान द्वारा इस वेबसाईट पर जमा हो जानी चाहिए। ऐसा करने से बोलीदाता विभिन्न प्रकार की तकनीकी समस्याओं से बच सकेंगे। ऑनलाईन भुगतान नही होने या तकनीका कारणों से राषियां जमा नही होने के कारण बोली में भाग नही ले पाने के लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार रहेंगे। प्रत्येक कलस्टर के लिए ऑनलाईन नीलामी में भाग लेने के लिए निर्धारित न्यूनतम रिजर्व प्राईस की 2 प्रतिशत राशि अमानत राशि के रूप में आवेदन के साथ जमा करायी जानी है। बिड राशि के अनुसार अतिरिक्त अमानत राशि अथवा डायनेमिक एरनेस्ट मनी भी जमा करानी होगी।

# किसान हितों की बुलंद आवाज बने सहकार नेता- चैनसिंह राठौड़

## सहकारिता मंथन बैठक में कोटा के चैनसिंह राठौड़ ने पारदर्शिता और किसान हितों पर दिया जोर

स्मार्ट हलचल|कोटा/उदयपुर

भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ द्वारा उदयपुर में आयोजित प्रांतीय सहकारिता मंथन बैठक में कोटा के वरिष्ठ सहकारिता नेता एवं कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ तथा सहकारी भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ चर्चा के केंद्र में रहे। सहकारिता के भविष्य, पारदर्शी व्यवस्था और किसान हितों को लेकर उनके विचारों को बैठक में विशेष महत्व मिला।

बैठक में संगठनात्मक संरचना, सदस्यता अभियान, सहकारिता चुनाव, तीन माह के सहकारिता जागरण अभियान, प्रशिक्षण शिविर, संस्थागत समस्याओं तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की सहकारिता क्षेत्र में उपलब्धियों पर विस्तृत मंथन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं सहकारिता मंत्री गौतम दक की गरिमामयी उपस्थति रही।

### 'सहकारिता अंत्योदय का सबसे सशक्त माध्यम '

बैठक को संबोधित करते हुए चैनसिंह राठौड़ ने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक उन्नयन का जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि सहकारिता स्वाभिमान, स्वदेश और स्वावलंबन की भावना से ओतप्रोत व्यवस्था है, जो आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊर्जा दे रही है।

राठौड़ ने कहा कि सहकारिता संस्थाओं में पारदर्शिता और विश्वास बनाए रखने के लिए समय पर चुनाव होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ईमानदारी, सुचिता और जवाबदेही के साथ ही सहकारिता



आंदोलन मजबूत हो सकता है।

### किसानों को समय पर भुगतान, उपभोक्ताओं को राहत

अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए राठौड़ ने बताया कि कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ में दुग्ध उत्पादक किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने के साथ 15 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया गया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार नहीं पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए दुग्ध दरों में वृद्धि नहीं की गई। उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती दुग्ध उत्पाद बाजार में उतारे गए हैं तथा क्यूआर कोड प्रणाली के माध्यम से उपभोक्ताओं को शुद्धता की गारंटी भी दी जा रही है।

सहकारी भूमि विकास बैंक की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए राठौड़ ने बताया कि बैंक में 69 प्रतिशत एनपीए रिकवरी दर्ज की गई तथा 383 किसानों को 9.60 करोड़ रुपये की राहत प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि 20 से 35 वर्ष पुराने एनपीए खातों का भी निस्तारण किया गया, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिली।भाजपा

### 'डबल इंजन सरकार ने सहकारिता को नई दिशा दी '

सहकारिता मंत्री गौतम दक ने कहा कि केंद्र में पृथक सहकारिता मंत्रालय के गठन और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं। ग्राम सेवा सहकारी समितियों के सशक्तिकरण, नई सहकारी समितियों के गठन और तकनीकी नवाचारों से आमजन का विश्वास बढ़ा है। प्रदेश अध्यक्ष सांसद मदन राठौड़ ने संबोधन में कहा कि सहकारिता को हमने सत्ता संगठन के सेतु से अपराध मुक्त करते हुए पूर्ण ईमानदारी एवं सुचिता के साथ लक्ष्य एकात्म मानववाद एवं दृष्टि अंत्योदय को पूर्ण किया है।

### प्रदेशभर के जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

भाजपा बलीचा कार्यालय में आयोजित बैठक का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भंडारी जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में सांसद मन्नालाल रावत, विधायक फूल सिंह मीणा सहित प्रदेशभर के सहकारिता पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थत रहे।

# जिला मुख्यालय के राजकीय अस्पताल में केन्सर का निशुल्क उपचार हुआ आसान



स्मार्ट हलचल|बूंदी

जिला मुख्यालय के राजकीय अस्पताल में केन्सर का उपचार भी आसान हो गया है। बूंदी में जिला अस्पताल में केन्सर यूनिट प्रभारी डाक्टर शाहिद ने बताया कि प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एल एन मीणा की सक्रियता से अब ब्रेस्ट केन्सर का उपचार जिला मुख्यालय के अस्पताल में सम्भव हो पाया। डॉक्टर शाहिद ने बताया कि ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित मरीज को trastuzumab इंजेक्शन लगाया जाता है जिसकी कीमत बाजार में 60,000 रुपए है। इस प्रकार के 18 इंजेक्शन 21 दिन के अन्तराल में ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित मरीज को लगाया जाता है जो हर कोई मरीज वहन नहीं कर पाता। यह इंजेक्शन जिला मुख्यालय के राजकीय अस्पताल में निशुल्क लगाया जाता है।

आज इस इंजेक्शन को जिला अस्पताल की कैंसर यूनिट में काली बाई पत्नी अण्दीलाल निवासी अजेता तहसील रायथल जिला बूंदी को निशुल्क लगाया गया।

अण्दीलाल ने बताया कि इससे पूर्व मै ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित अपनी पत्नी का इलाज कोटा में प्राइवेट अस्पताल में करवा रहा था जहा पर में अब तक पांच लाख रुपए से अधिक मेरी पत्नी के इलाज में खर्च कर चुका हूं फिर भी वहां पर ठीक से उपचार नहीं हो पा रहा था।

समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार से मुझे जानकारी मिली कि जिला मुख्यालय के सरकारी अस्पताल में केंसर पीड़ित मरीज का निशुल्क उपचार किया जा रहा है। इसलिए मैं बूंदी स्थित सरकारी अस्पताल में अपनी पत्नी को लेकर आया और कैंसर यूनिट प्रभारी डॉक्टर शहीद को दिखाया तो उन्होंने कैंसर यूनिट में मेरी पत्नी काली बाई को एडमिट कर उपचार प्रारंभ किया। यहा की व्यवस्था और डॉक्टर के व्यवहार से मैं काफी प्रभावित हूं कि मैं अब मेरी पत्नी का जिला मुख्यालय के सरकारी अस्पताल में निशुल्क इलाज करा रहा हू। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि मेरी पत्नी जल्दी ही ठीक हो जाएगी।

# दो दिवसीय शनि जयंती महोत्सव धूमधाम मनाई जाएगी

स्मार्ट हलचल|बूंदी

मीरा गेट स्थित श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा जंगम की बगीची शनि धाम मंदिर गौ शाला में दो दिवसीय शनि जयंती समारोह महंत बाबा देवेंद्र गिरी के सानिध्य में धूमधाम से एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

बगीची से जुड़े राज कुमार दाधीच एवं मन मोहन अजमेरा ने बताया कि जंगम की बगीची पर दो दिवसीय शनि जयंती महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा हर्ष वर्ष की भांति 15 मई शुक्रवार को सांय 4 बजे बाद शोभायात्रा एवं कलश यात्रा,अखाड़ा प्रदर्शन के साथ भूरा गणेश मंदिर प्रांगण परशुराम सर्किल से प्रारंभ हो कर मुख्य मार्गो से जंगम की बगीची पर पहुंचेगी जहां पर एक दिवसीय श्री रामायण पाठ श्री राम चरित्र मानस का पाठ विधि विधान से होगा 16 मई शनिवार को प्रातः से ही शनि देव भगवान की पूजा अर्चना होगी दोपहर को पंडित राधेश्याम शर्मा( आचार्य )द्वारा हवन मंडल विधि विधान से होगा जिनकी कुंडली में शनि की साढ़ेसाती दैय्या या महादशा चल रही है उनके लिए यह दिन विशेष लाभकारी हैं बाबा देवेंद्र गिरी महाराज के सानिध्य में विधि विधान से शनि भगवान की पूजा अर्चना ,पंचमुखी हनुमान जी सहित स्थानीय देवी देवताओ की पंचामृत स्नान के साथ तैलाभिषेक ओर उसके बाद शनि देव की ओर स्थानीय देवी देवताओं की महाआरती होगी।

बाबा देवेंद्र गिरी ने बताया कि शनि जयंती पर शनिवार का संयोग होना सिद्ध योग की श्रेणी में आता है और इसी दिन वट सावित्री व्रत साथ होने से स्त्री पुरुष दोनों ऊर्जाओं का संतुलन पारिवारिक स्थिरता के लिय उत्तम है। मंदिर प्रांगण में महाआरती के बाद भंडारा भी होगा।

# स्वच्छता के संकल्प के साथ जारी रहा स्वैच्छिक श्रमदान अभियान

स्मार्ट हलचल|बूंदी

जिला प्रशासन एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ईश्वरी सिंह खेल संकुल, बूंदी में संचालित स्वैच्छिक साप्ताहिक श्रमदान अभियान के अंतर्गत दूसरे बुधवार को भी उत्साह, अनुशासन एवं सामाजिक सहभागिता के साथ श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, खेल प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों एवं आमजन ने सहभागिता निभाते हुए स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का परिचय दिया।कार्यक्रम में अधिकारियों ने स्वयं श्रमदान कर उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता, सामाजिक उत्तरदायित्व



एवं जनसहभागिता का प्रेरणादायी संदेश दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा, एसडीएम लक्ष्मीकांत मीणा एवं अधिशाषी अभियंता धर्मेंद्र मीणा की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिला हैंडबॉल संघ अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सुदर्शन मीणा, धर्मराज, सांख्यिकी निरीक्षक विकास हाड़ा, आरिफ, बॉक्सिंग कोच चंद्रसिंह, स्विमिंग प्रशिक्षक विजय मलिक, कबड्डी कोच बुद्धिप्रकाश गोचर एवं डॉ. सुनील कुशवाह सहित अनेक खेल प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों एवं जागरूक नागरिकों ने श्रमदान कर खेल परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने में योगदान दिया।

श्रमदान के दौरान खेल संकुल परिसर में साफ-सफाई, कचरा संग्रहण एवं स्वच्छ वातावरण निर्माण हेतु सामूहिक प्रयास किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन से अधिकाधिक संख्या में जुड़ने की अपील करते हुए कहा गया कि प्रत्येक बुधवार प्रातः आयोजित होने वाला यह श्रमदान अभियान परिसर की स्वच्छता, समाज में सहभागिता, अनुशासन एवं सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का एक सशक्त प्रयास हैं।

# आरजीएचएस से उपचार सुविधा में सुधार की मांग को लेकर पेंशनर्स ने सौंपा ज्ञापन




स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़

राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा के कार्यालय सभागार में बुधवार को जिले की सभी उपशाखाओं के अध्यक्ष, सचिव एवं जिला कार्यकारिणी पदाधिकारियों की आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष शंकरसिंह मनोहर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार पेंशनर्स को आरजीएचएस योजना में आ रही समस्याओं एवं आगामी आंदोलन की रणनीति से अवगत कराया गया।

बैठक में आरजीएचएस के तहत उपचार व्यवस्था में आ रही परेशानियों, दवा वितरण में आनाकानी, लंबित चिकित्सा बिलों के भुगतान तथा दवा विक्रेताओं को समय पर भुगतान नहीं होने जैसे मुद्दों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। साथ ही आरजीएचएस योजना को पूर्व व्यवस्था से हटाकर इंश्योरेंस विभाग को सौंपने के निर्णय का विरोध करते हुए इसके खिलाफ संगठित संघर्ष करने का आह्वान किया गया।

प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सैकड़ों पेंशनर्स जिला पेंशन कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक विशाल जुलूस के रूप में पहुंचे। जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दशोरा के नेतृत्व में पेंशनर्स ने नारेबाजी एवं विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला कलक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरजीएचएस सुविधा में सुधार करने, पूर्ववत व्यवस्था लागू करने तथा प्रत्येक माह जिला स्तर पर बैठक आयोजित करने की मांग की गई।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि ज्ञापन देने के बाद भी राज्य सरकार द्वारा कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर पूरे राजस्थान में जिलाध्यक्षों के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन एवं भूख हड़ताल जैसे आंदोलन किए जाएंगे।

इसी क्रम में चालू सप्ताह के दौरान जिले की सभी उपशाखाएं भी अपने-अपने क्षेत्रों में उपशाखा अध्यक्षों के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन कर राज्य सरकार को ज्ञापन प्रस्तुत करेंगी। जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दशोरा ने जिले के सभी पेंशनर्स से संगठित होकर आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाने एवं संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

# एमएसपी वृद्धि से अन्नदाता को मिलेगा बड़ा लाभ – सीपी जोशी

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने केंद्र सरकार द्वारा खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्रिमंडल का आभार व्यक्त किया है।

सांसद सीपी जोशी ने कहा कि मोदी सरकार लगातार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को लाभकारी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा खरीफ सीजन की 14 फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी करना किसानों के हित में लिया गया महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी निर्णय है। इससे देश के करोड़ों किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा तथा कृषि क्षेत्र को मजबूती प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि धान की एमएसपी में 72 रुपये की वृद्धि कर इसे 2441 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है, जबकि तुअर/अरहर की एमएसपी में 450 रुपये की वृद्धि किसानों के प्रति केंद्र सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाती है। इसके अलावा मूंगफली, कपास, तिल, सूरजमुखी, उड़द, बाजरा सहित अन्य फसलों के समर्थन मूल्य में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी किसानों के लिए राहत देने वाली साबित होगी।

सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार 'अन्नदाता सुखी तो देश समृद्ध' की भावना के साथ कार्य कर रही है। स्रस्क व्यवस्था किसानों को बाजार में कीमतों के उतार-चढ़ाव से सुरक्षा प्रदान करती है और यह किसानों के लिए सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करती है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले वर्षों में स्रस्क में लगातार ऐतिहासिक बढ़ोतरी कर किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया है। यह निर्णय किसानों की मेहनत का सम्मान करने वाला तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला साबित होगा।

# परिवहन विभाग की अवैध रूप से चल रहे यात्री वाहनों पर कड़ी कार्यवाही

## अवेध रूप से चल रहे तीन जीप और एक ऑटो नैनवा थाने में जब्त कर करीब सवा लाख रुपए जुर्माना वसूला।





स्मार्ट हलचल|बूंदी

जिला परिवहन अधिकारी सौम्या शर्मा के निर्देशन में परिवहन निरीक्षक धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में नैनवा कस्बे के मुख्य मार्गो पर परिवहन विभाग की टीम ने अवैध डग्गेमार यात्री वाहनों की औचक जांच की और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालें वाहनों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए तीन जीपों को पुलिस थाना नैनवा में चालान बनाकर जब्त कर क़रीब एक लाख रुपए का जुर्माना आरोपित किया ।

अचानक हुई परिवहन विभाग की कार्यवाही से अवैध रूप से चल रहे यात्री वाहन संचालकों में हड़कंप मच गया।

उड़न दस्ता द्वारा एक ऑटो में बैठक क्षमता से अधिक दस यात्रियों को लेकर परिवहन कर रहे ऑटो को डीटीओ ऑफिस बूंदी में सीज़ किया तथा बच्चों को उड़न दस्ते के वाहन से उनके घर तक छुड़वाया। परिवहन निरीक्षक धर्मपाल सिंह ने बताया कि अवैध रूप से चल रहे वाहनों पर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

कार्यवाही के दौरान विभागीय कार्मिक देवराज प्रजापति,रघुवीर सिंह हाड़ा,कैलाश चंद मीणा मौजूद रहे।

# सादा वर्दी में तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने मनचलों को सिखाया सबक

स्मार्ट हलचल | बूंदी

राजस्थान पुलिस के ध्येय वाक्य 'महिला सुरक्षा संकल्प' को साकार रूप देते हुए जिला बून्दी में आज पुलिस का एक सशक्त और प्रभावी स्वरूप देखने को मिला। पुलिस मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार तथा जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा (ढ्ढक्क) के निर्देशन में जिले के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर विशेष डिकॉय ऑपरेशन (ष्ठद्गष्4 ह्रश्च-द्गह्म्ड्डह्लद्बशठ्ठ) चलाया गया। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, बाजारों, पार्कों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं एवं छात्राओं के साथ छेड़छाड़, अश्लील फब्तियां कसने तथा अभद्र व्यवहार करने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध त्वरित एवं कठोर कार्रवाई करना था।

सादा वर्दी में रणनीतिक तैनाती, चुपचाप निगरानीः-अभियान का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बून्दी संजय सिंह चम्पावत एवं जसवीर मीणा (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, महिला अपराध अनुसंधान सेल) द्वारा किया गया।

पूरे ऑपरेशन के लिए पुलिस द्वारा विशेष रणनीति तैयार की गई, जिसके तहत–महिला पुलिस अधिकारियों कालिका पेट्रोलिंग यूनिट, पुलिस लाइन एवं विभिन्न थानों की महिला पुलिस टीमों को अलग-अलग समूहों में विभाजित कर पूरे शहर में सक्रिय निगरानी के लिए सिविल ड्रेस (सादा वर्दी) में तैनात किया गया। टीमों ने आम नागरिकों के बीच रहकर पूरी गोपनीयता के साथ संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी, जिससे असामाजिक तत्वों को पुलिस की उपस्थिति का कोई आभास नहीं हो सका।

### धरपकड़ से मचा हड़कंप, 10 मनचले हिरासत में

जैसे ही सादा वर्दी में तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने सार्वजनिक स्थलों पर मनचलों की हरकतें देखीं, उन्हें तुरंत मौके पर ही दबोच लिया गया। अभियान के दौरान–करीब 10 असामाजिक तत्वों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया। अचानक हुई इस सख्त कार्रवाई से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया।

पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का अभद्र व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस प्रकार के डिकॉय ऑपरेशन आगे भी समय-समय पर अचानक चलाए जाएंगे, ताकि महिलाओं एवं बालिकाओं को भयमुक्त, सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# उपखंड क्षेत्र में बढ़ रहा है, चोरों का आतंक, आमजन त्रस्त, पुलिस मस्त

स्मार्ट हलचल| बूंदी

जिले के लाखेरी उपखंड क्षेत्र में चोरों का आतंक फैला हुआ है, चोर रोजाना कभी रात के साए में तो कभी दिनदहाड़े चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, और पुलिस की गिरफ्त से ओझल हो जातें हैं। क्षेत्र में अब ऐसा माहौल बन चुका है मानो कानून नाम की कोई चीज बची ही नहीं। चोरी, सेंधमारी और अपराध अब आम जनता की किस्मत बन चुके हैं, जबकि पुलिस सिर्फ जांच जारी है, का रटा-रटाया बयान देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ती नजर आ रही है। हालत इतने बदतर हो चुके हैं, कि अब चोरों ने आम जनता के घरों से आगे बढ़कर सीधे पुलिस थाना और मंदिरों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। थाने के अंदर चोरी इससे बड़ी शर्मनाक बात क्या होगी। जिस पुलिस थाने पर पूरे क्षेत्र की सुरक्षा की जिम्मेदारी है, उसी थाने के अंदर से जप्त वाहन के पुर्जे, बैटरियां, बर्म और अन्य सामान चोरी हो जाना पूरे पुलिस



सिस्टम पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है। आरटीओ कार्रवाई के बाद थाना परिसर में खड़ा विद्युत विभाग के ठेकेदार का लोडर वाहन महीनों तक पुलिस की निगरानी में रहा, लेकिन चोर आराम से उसका सामान खोलकर ले गए और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि जब मामले में जानकारी ली गई तो जिम्मेदार अधिकारी तक यह कहते नजर आए कि हमें जानकारी नहीं है। अगर थाने के भीतर क्या हो रहा है इसकी जानकारी पुलिस को नहीं, तो फिर लाखेरी की जनता आखिर किस भरोसे रहेगी?

### चोरों का आतंक या पुलिस की नाकामी?

करीब डेढ़ - दो साल से लाखेरी क्षेत्र में लगातार चोरियों का सिलसिला जारी है। कभी मोटरसाइकिल चोरी, कभी मकानों के ताले टूटना, कभी दुकानों पर हाथ साफ होना, तो कभी मंदिरों की दान पेटियां उड़ जाना लेकिन एक भी बड़ी वारदात का ऐसा खुलासा नहीं हुआ जिससे जनता का भरोसा लौट सके। लोगों का कहना है कि अब चोरों में पुलिस का डर पूरी तरह खत्म हो चुका है। अपराधी खुलेआम वारदात कर रहे हैं और पुलिस सिर्फ फाइलों में तलाश जारी लिखकर खानापूर्ति कर रही है।

### मंदिर भी नहीं सुरक्षित, आस्था पर भी हमला

अब चोरों ने धार्मिक स्थलों को भी नहीं छोड़ा। बड़ा खेड़ा स्थित बालाजी मंदिर में अज्ञात चोर रात के अंधेरे में दान पेटी उठाकर ले गए। बाद में कुछ दूरी पर दान पेटी टूटी हुई मिली और नकदी गायब थी। सुबह पुजारी मंदिर पहुंचे तो घटना का खुलासा हुआ। ग्रामीणों में भारी रोष है। लोगों का कहना है कि जब भगवान के घर तक सुरक्षित नहीं हैं तो आम आदमी की क्या औकात रह गई?

### सीसीटीवी के भरोसे चल रही पुलिसिंग

हर घटना के बाद एक ही बयान सामने आता है सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। सवाल यह है कि अगर हर बार कैमरे ही देखने हैं तो फिर जमीन पर पुलिसिंग कौन करेगा? गश्त कहाँ है, मुखबिर तंत्र कहाँ है?अपराधियों पर दबाव कहाँ है? अधिकारी क्या बोले? थानाधिकारी सुभाषचन्द्र शर्मा ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है।

वहीं नरेंद्र नागर ने दावा किया कि लगातार हो रही चोरियों को देखते हुए गश्त बढ़ा दी गई है और जल्द ही बड़ाखेड़ा मंदिर की चोरी का खुलासा किया जाएगा। जनता का सीधा सवाल आज लाखेरी की जनता पूछ रही है, अगर पुलिस थाना सुरक्षित नहीं अगर मंदिर सुरक्षित नहीं... अगर चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं तो आखिर पुलिस प्रशासन किस बात की वाहवाही लूट रहा है?

लाखेरी में कानून व्यवस्था पर उठते सवाल अब सिर्फ चर्चा नहीं रहे, बल्कि जनता के गुस्से में बदलते जा रहे हैं।

# कलयुग में मानवता के तपस्वी संतः 401 बेटियों के विवाह में 6 करोड़ सहयोग कर पेश की सेवा की मिसाल

## श्रीराम महाराज अघोरी ने मामडोली में गरीब बेटी के विवाह में की मदद, समाज को दिए एकता, शिक्षा और नशामुक्ति के 5 संदेश

स्मार्ट हलचल

**टोंक/निवाई।** ग्राम काटोली स्थित महाभारतकालीन माँ भद्रकाली मंदिर के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 श्रीराम महाराज 'अघोरी बाबा' ने एक बार फिर मानवता और सेवा भाव की मिसाल पेश की है। उन्होंने सवाई माधोपुर जिले के बौंली उपखण्ड क्षेत्र के गांव मामडोली में गरीब परिवार की बेटी पार्वती मीणा के विवाह में आर्थिक सहयोग कर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

जानकारी के अनुसार मामडोली निवासी भरतलाल मीणा की पुत्री पार्वती मीणा के विवाह की सूचना मिलने पर श्रीराम महाराज अघोरी ने क्षेत्रीय भाजपा नेता रामअवतार मीणा से परिवार की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। परिवार के



आर्थिक रूप से कमजोर होने की पुष्टि होने पर बाबा ने विवाह की संपूर्ण व्यवस्था कराने का संकल्प लिया। मंगलवार शाम करीब 5 बजे श्रीराम महाराज अघोरी अपने सैकड़ों भक्तों एवं भाजपा नेता रामअवतार मीणा के साथ मामडोली पहुंचे। ग्रामीणों ने डीजे और पुष्पवर्षा के साथ उनका भव्य स्वागत किया। विवाह स्थल पर पहुंचकर अघोरी बाबा ने आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई और बेटी पार्वती मीणा को 11 हजार रुपये नकद भेंट कर आशीर्वाद दिया।

# ब्यावर में नगर परिषद का 'पीला पंजा': मेवाड़ी गेट के बाहर कब्रिस्तान की जमीन से हटाए अवैध कब्जे

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** शहर के मेवाड़ी गेट क्षेत्र में बुधवार तड़के नगर परिषद ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कब्रिस्तान की भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को जमींदोज कर दिया। आयुक्त श्रवण राम चौधरी के कड़े निर्देशन में हुई इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया।





### शिकायतों पर त्वरित एक्शन

पिछले लंबे समय से प्रशासन को मेवाड़ी गेट के बाहर कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर परिषद ने बुधवार अलसुबह का समय चुना और भारी जाब्ते के साथ मौके पर धावा बोल दिया।

### जेसीबी से ढहाए अवैध निर्माण

कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीनों का उपयोग कर अवैध रूप से बनाए गए ढांचों को हटा दिया गया। इस अभियान में नगर परिषद के जेईएन कपिल गोरा, आरओ गणपत लाल, लोकवास्तु मिस्त्री अशोक जादम सहित अतिक्रमण शाखा के कर्मचारी और सफाई सैनिकों की टीम मुस्तैद रही। बिना किसी विरोध के टीम ने तेजी से निर्माणों को ध्वस्त कर जमीन को मुक्त कराया।

नगर परिषद की इस त्वरित कार्रवाई पर स्थानीय निवासियों ने खुशी जाहिर की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कब्रिस्तान जैसी पवित्र और सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करना गलत था और परिषद की इस सख्ती से भविष्य में अतिक्रमणकारियों को कड़ा संदेश मिलेगा।

आयुक्त श्रवण राम चौधरी ने संकेत दिए हैं कि शहर में कहीं भी सरकारी या सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आने वाले दिनों में शहर के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह का अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा सकता है।

# नकाबपोश बदमाशों ने कबाड़ी गोदाम में पेट्रोल डाल लगाई आग, लाखों का सामान जलकर राख

स्मार्ट हलचल




**अजमेर।** अजमेर के कृष्णगंज थाना क्षेत्र स्थित लोहागल रोड पर देर रात नकाबपोश बदमाशों ने पेट्रोल बम फेंककर एक कबाड़ी गोदाम में आग लगा दी। इस आगजनी में गोदाम में रखा कबाड़ का सामान और एक पिकअप वाहन जलकर राख हो गए। पीड़ित ने घटना में करीब 20 लाख रुपए के नुकसान की बात कही है। पूरी वारदातम गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

सूत्रों अनुसार रात करीब 2:45 बजे 4 से 5 नकाबपोश बदमाश गोदाम के बाहर पहुंचे। बदमाश अपने साथ प्लास्टिक की थैलियों में पेट्रोल भरकर लाए थे। उन्होंने पहले गोदाम और वहां खड़ी पिकअप पर पेट्रोल फेंका और फिर आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया।

घटना की सूचना मिलते ही गोदाम मालिक अजहरुद्दीन अपने परिवार सहित मौके पर पहुंचे और पुलिस व अग्निशमन विभाग को सूचना दी। दमकल की गाड़ी ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

पीड़ित अजहरुद्दीन ने बताया कि लोहागल गांव में करीब 900 गज जमीन पर उनका कबाड़ का गोदाम बना हुआ है। बदमाश पूरी तैयारी के साथ आए थे और उनके हाथों में पेट्रोल से भरी थैलियां थीं। आग लगाने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि करीब दो साल पहले भी उनके गोदाम में आग लगाने की घटना हुई थी, लेकिन उस समय सीसीटीवी कैमरे नहीं होने के कारण आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया था। कृष्णगंज थाना प्रभारी अरविंद चारण ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। आग पर काबू पा लिया गया है और पीड़ित की शिकायत के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधकर आते और पेट्रोल की थैलियां फेंककर आग लगाते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी है।

# बिजयनगर पुलिस ने सुलझाई मंदिरों में चोरी की गुत्थी, नाबालिग डिटेन

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** बिजयनगर ब्यावर जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के कड़े निर्देशों के बाद बिजयनगर थाना पुलिस ने क्षेत्र के मंदिरों में चोरी करने वाले गिरोह के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने धार्मिक स्थलों से दान-पात्र तोड़कर नकदी चुराने के मामले में एक 'विधि से संघर्षरत बालक' को निरुद्ध किया है।

### क्या था मामला?

बीती 2 मई को शिवाजी नगर निवासी सोहनलाल जांगिड़ ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 18 अप्रैल की रात चोरों ने कन्हैया कॉलोनी और शिवाजी नगर स्थित 'बड़ के बालाजी' मंदिर की खिड़की और ताले तोड़कर दान-पात्र से राशि पार कर ली थी। इस घटना से स्थानीय लोगों में काफी रोष था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी करण सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। अनुसंधान अधिकारी हेड कांस्टेबल शंकरलाल ने टीम के साथ घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने एक संदिग्ध बालक को घेराबंदी कर निरुद्ध किया। कड़ाई से पूछताछ करने पर बालक ने बिजयनगर के साथ-साथ ग्राम शिखरानी और गुलाबपुरा के कई धार्मिक स्थलों पर चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया।

इस खुलासे में थानाधिकारी करण सिंह, हेड कांस्टेबल शंकर लाल, कांस्टेबल कृष्ण कुमार और कांस्टेबल मोहित सिंह की मुख्य भूमिका रही।

# मातृभूमि के रक्षक शहीद युवराज सिंह रावत को कांग्रेसजनों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

### परिजनों से मिलकर साझा किया शोक, बलिदान की धरती लगेतखेड़ा पहुंचे जनप्रतिनिधि

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** मातृभूमि की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूत युवराज सिंह रावत की शहादत पर आज पूरा क्षेत्र नतमस्तक है। इसी क्रम में, ब्यावर के लगेतखेड़ा गांव पहुंचकर कांग्रेस के विभिन्न पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने वीर शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।



### शहीद के आंगन में उमड़ा जनसमूह

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने शहीद युवराज सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उपस्थित नेताओं ने कहा कि युवराज सिंह ने जिस साहस और निडरता के साथ देश की सेवा की, उनका वह बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। शहीद का सर्वोच्च बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए देशभक्ति की एक अमिट मिसाल पेश करता है।

### परिजनों को बंधाया ढांढस

विधानसभा प्रत्याशी पारस पंच सहित अन्य नेताओं ने शहीद के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि 'वीर सपूत को खोने का दुख अपार है, लेकिन उनके शौर्य पर पूरे देश को गर्व है। कांग्रेस परिवार इस दुख की घड़ी में शहीद के परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।'

श्रद्धांजलि देने पहुंचे प्रमुख नेताओं में शामिल थेः पारस पंच (ब्यावर विधानसभा प्रत्याशी),धर्म सिंह भाटी (जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष),कार्तिक चौधरी (यूथ कांग्रेस प्रभारी),पप्पू काठात (निकाय प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष),सोहन मेवाड़ा (सेवादल प्रदेश सचिव),ऋषि लाम्बा (प्रदेश कॉर्डिनेटर अल्पसंख्यक विभाग),सवाई सिंह रावत (पूर्व जिला सचिव),महेंद्र देवासी, राजेश चौधरी एवं अन्य कार्यकर्ता।

# 110 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त नीतीश शर्मा के मार्गदर्शन में ट्रेनों में अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु विशेष जांच अभियान लगातार संचालित किए जा रहे हैं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हितेश यादव ने बताया कि 12 मई को गाड़ी संख्या 22483 भगत की कोठी-गांधीधाम एक्सप्रेस में वाणिज्य निरीक्षक जोधपुर रतन सिंह गुर्जर तथा रेलवे सुरक्षा बल की विशेष टीम द्वारा नियमित चेकिंग के दौरान कोच संख्या एस-4 में संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर तत्काल संयुक्त टीम द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया।



संयुक्त जांच के दौरान कोच संख्या एस-4 के शौचालय की छत में छुपाकर रखी गई अंग्रेजी शराब की 110 बोतलें बरामद की गईं। जब्त शराब की अनुमानित कीमत लगभग 1,05,070 आंकी गई है। बरामद सामग्री को आवश्यक कार्रवाई हेतु आरपीएफ भगत की कोठी को सुपुर्द किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि जोधपुर रेल मंडल की सुरक्षा एवं आरपीएफ टीम निरंतर सतर्कता और समर्पण के साथ कार्य कर रही है। समय-समय पर गठित विशेष टीमों द्वारा ट्रेनों एवं रेलवे परिसरों में निगरानी रखी जा रही है, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने टीम के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा एवं संरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# घाड़ में पारा 44 डिग्री पहुंचा: चिलचिलाती धूप से जनजीवन प्रभावित



स्मार्ट हलचल

घाड़ (देवली), टोंक। घाड़ क्षेत्र में बुधवार को भीषण गर्मी का प्रकोप देखा गया। यहां का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। तेज धूप और लू के थपेड़ों ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया।

सुबह 10 बजे के बाद से ही धूप तेज होने लगी, जिसके कारण दोपहर तक बाजारों में सन्नाटा पसर गया। अत्यधिक गर्मी के चलते लोग आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर निकले। सड़कों पर आवाजाही कम रही। लोग गर्मी से बचाव के लिए दिनभर घरों और कार्यालयों में कूलर, पंखे और एयर कंडीशनर का उपयोग करते रहे।

इस भीषण गर्मी का सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। दोपहर में स्कूल की छुट्टी के समय धूप अपने चरम पर होती है। घर लौटते समय छात्र-छात्राएं गर्मी से बचाव के लिए अपने चेहरे को स्टोल और रुमाल से ढके हुए दिखाई दिए। अभिभावकों ने प्रशासन से बढ़ती गर्मी को देखते हुए बच्चों को राहत देने की मांग की है। तेज धूप और उमस के कारण लोग शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए नींबू पानी, जूस और अन्य ठंडे पेय पदार्थों का सेवन कर रहे हैं।

# ब्यावर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अमृतकौर अस्पताल में बुजुर्ग का पर्स उड़ाने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

### भीड़भाड़ का फायदा उठाकर मरीजों के परिजनों को बनाता था निशाना; सीसीटीवी की मदद से फालना निवासी आरोपी दबोचा गया

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजकीय अमृतकौर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों की मजबूरी का फायदा उठाने वाले एक शातिर चोर को ब्यावर सिटी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी विशेष रूप से अस्पताल जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बुजुर्गों और भोले-भाले लोगों को अपना निशाना बनाता था।

मामला 11 मई 2026 का है, जब जगमालपुरा निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग श्री भवरू अपनी पत्नी के लिए दवाई लेने अस्पताल आए थे। सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच, जब वे दवाई की कतार में लगे थे, अज्ञात चोर ने बड़ी सफाई से उनकी जेब से पर्स पार कर दिया। पर्स में 3000 रुपये नकद, आधार कार्ड, गाड़ी की आरसी और रोडवेज पास जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

### सीसीटीवी से मिला सुराग, फुटपाथ से हुई गिरफ्तारी

जिला पुलिस अधीक्षक रतनसिंह के निर्देशानुसार थानाधिकारी आशुतोष पाण्डे के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने अस्पताल के चप्पे-चप्पे पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, जिससे संदिग्ध की पहचान हुई। कड़े प्रयासों और तकनीकी सुरागों के आधार पर पुलिस ने आरोपी को रेलवे स्टेशन के पास फुटपाथ से दस्तयाब किया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने चोरी की वारदात कबूल कर ली, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया माल और दस्तावेज भी बरामद कर लिए हैं।

### आरोपी की पहचान

गिरफ्तार आरोपी की पहचान जुगनु (20 वर्ष) पुत्र मनोज बावरी, निवासी शिवाजी नगर, फालना (जिला पाली) के रूप में हुई है। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि क्या आरोपी ने शहर में अन्य चोरी की वारदातों को भी अंजाम दिया है।

### टीम की तत्परता

इस सफल कार्रवाई में थानाधिकारी आशुतोष पाण्डे सहित सउनि मेघाराम, महिला कांस्टेबल मनोज कंवर, कांस्टेबल जुगल और कांस्टेबल मनुपाल की अहम भूमिका रही। पुलिस की अपीलः अस्पताल या बाजार जैसे सार्वजनिक स्थानों पर अपनी जेब और कीमती सामान का विशेष ध्यान रखें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस चौकी या हेल्पलाइन नंबर पर दें।

# धरा शर्मा ने सीबीएसई में हासिल किए 97 प्रतिशत अंक

स्मार्ट हलचल| आदर्श नगर (मालपुरा)



होनहार बेटी धरा शर्मा ने सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार, विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राजधानी जयपुर के कैम्ब्रिज कोर्ट हाई स्कूल की मेधावी छात्रा धरा ने अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर लगन के बल पर यह शानदार सफलता हासिल की है।

धरा शर्मा की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर छा गई है। शिक्षकों ने धरा को मेहनती, अनुशासित एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित छात्रा बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

विशेष बात यह है कि धरा ने एक ही वर्ष में दोहरी सफलता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित क्लेट 2026 परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 604वीं रैंक तथा महिला श्रेणी में 182वीं रैंक प्राप्त की है। हाल ही में हुई काउंसलिंग के बाद उन्हें नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जोधपुर में प्रवेश प्राप्त हुआ है।

धरा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं विशेष रूप से अपने दादा श्री हनुमान सहाय शर्मा को दिया, जो एक सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। धरा ने कहा कि दादा जी के मार्गदर्शन, अनुशासन और प्रेरणा ने उन्हें हमेशा आगे बढ़ने की सीख दी।

# मेड़ता में इतिहास का स्वर्णिम क्षण आज, राव दूदाजी की अश्वारूढ़ प्रतिमा का अनावरण करेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी रहेंगे मौजूद

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** मीरा नगरी मेड़ता गुरुवार को एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण आयोजन की साक्षी बनेगी। वीरता, शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक मेड़ता के संस्थापक राव दूदाजी की अश्वारूढ़ प्रतिमा का भव्य अनावरण देश के रक्षा मंत्री राजनाथ तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के करकमलों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और शहर को आकर्षक सजावट से सजाया गया है।



### तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

प्रतिमा अनावरण समारोह को भव्य बनाने के लिए प्रशासन और आयोजकों की ओर से व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। सार्वजनिक नेहरू पार्क में विशाल सभा स्थल तैयार किया गया है, जहां हजारों लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। मंच व्यवस्था, बैठने की सुविधा, पार्किंग तथा पेयजल सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा चुका है। वीआईपी आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद की गई है। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की टीम लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी में जुटी हुई है। कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय नजर आ रही हैं।

### कार्यकर्ताओं को सौंपी अलग-अलग जिम्मेदारियां

आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आमजन से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की गई है। आयोजन समिति के अनुसार यह कार्यक्रम मेड़ता की ऐतिहासिक पहचान और गौरव को नई दिशा देगा।

### मेड़ता के गौरव का प्रतीक हैं राव दूदाजी

राव दूदाजी को मेड़ता के इतिहास में वीर योद्धा और दूरदर्शी शासक के रूप में याद किया जाता है। उनकी शौर्य गाथाएं आज भी क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा हैं। अश्वारूढ़ प्रतिमा का अनावरण मेड़ता के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय माना जा रहा है।

### यह रहेगा कार्यक्रम का निर्धारित समय

रक्षा मंत्री राजनाथ सुबह 11 बजे विशेष विमान से किशनगढ़ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद सुबह 11:25 बजे डांगावास हेलीपैड पहुंचकर चारभुजा नाथ मंदिर एवं मीरा मंदिर में दर्शन करेंगे। तत्पश्चात राव दूदागढ़ में प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 11:45 बजे सभा स्थल पहुंचकर जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 2 बजे जोधपुर के लिए रवाना होंगे।

# नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन आज

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** नीट-2026 परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्यावर जिला कांग्रेस कल सड़कों पर उतरेगी। आज गुरुवार, 14 मई को प्रातः 10 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर केंद्र सरकार के खिलाफ विशाल विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष किशोर चौधरी के नेतृत्व में होने वाले इस प्रदर्शन में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता केंद्र सरकार का पुतला फूंकेंगे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने बताया कि नीट परीक्षा का लीक होना लाखों छात्र-छात्राओं के भविष्य और उनके अभिभावकों के परिश्रम पर कड़ा प्रहार है। कांग्रेस की मुख्य मांग है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें और एनडीए के चेयरमैन को तुरंत बर्खास्त किया जाए। साथ ही दोषियों पर कठोर कार्रवाई कर परीक्षा की निष्पक्ष जांच कराई जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में आम जनता और कार्यकर्ताओं को जुटने का आह्वान किया गया है।

# जवाजा में अवैध पिस्टल के साथ हिस्ट्रीशीटर गणपत सिंह गिरफ्तार

### आरोपी के खिलाफ पहले भी दर्ज हैं गंभीर मामले

स्मार्ट हलचल|ब्यावर

जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशन में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जवाजा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है।

### घेराबंदी कर दबोचा आरोपी

थानाधिकारी डॉ. नवल किशोर के नेतृत्व में गठित टीम ने कल क्षेत्र में गश्त के दौरान भूरियाखेडा खुर्द निवासी गणपत सिंह (26) पुत्र चिमन सिंह रावत को संदिग्ध अवस्था में दस्तयाब किया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध पिस्टल बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत हथियार जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज

जवाजा थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा संख्या 114/2026 दर्ज किया है। पुलिस अब इस बात की गहनता से जांच कर रही है कि आरोपी यह हथियार कहाँ से लाया था और इसका उपयोग किस वारदात को अंजाम देने के लिए किया जाना था।

### पुराना आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी गणपत सिंह शातिर किस्म का अपराधी है। उसके विरुद्ध जवाजा थाने में पहले से ही दो गंभीर मामले दर्ज हैं: वर्ष 2021 में मारपीट और वसूली का मामला। वर्ष 2022 में दंगा, घर में घुसकर चोरी और तोड़फोड़ का मामला।

### टीम का विशेष योगदान

इस पूरी कार्रवाई में एएसआई जितेन्द्र सिंह, एएसआई जगवेन्द्र सिंह, कांस्टेबल राजेश कुमार और कांस्टेबल प्रहलाद की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने टीम के इस कार्य की सराहना की है।

# रघुनाथजी मंदिर में रामेश्वरम महादेव का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** धार्मिक नगरी पुष्कर के ईमली मोहल्ला स्थित प्राचीन रघुनाथ मंदिर में बुधवार को कलश यात्रा के साथ शिव परिवार की दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू हो गया। आयोजक ज्योतिस्वरूप दीपू महर्षि ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठ महोत्सव के शुभारंभ पर आज प्रधान वराह घाट से रघुनाथ मंदिर तक गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी । आचार्य पंडित पुष्कर नारायण शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सरोवर की पूजा अर्चना की गयी । इसके बाद शांति पाठ, पूजा, अभिषेक आदि कार्यक्रम हुए । आज शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोचारण के साथ शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा होगी। बताया गया कि शिवलिंग नर्मदेश्वर धाम से लाया गया है। जबकि गणेश, पार्वती, कार्तिकेय, हनुमान जी आदि की मूर्तियां किशनगढ़ से लाई गई। रघुनाथ मंदिर में शिव परिवार की रामेश्वर महादेव परिवार नाम से प्रतिष्ठा की जाएगी।



**सोनोग्राफी रोग का पता लगाने की एक जांच विधि है। इसके लिए जो मशीन इस्तेमाल में लाई जाती है, उससे अल्ट्रासाउंस वेव्स उत्पन्न की जाती हैं। जब इन तरंगों को शरीर के किसी खास हिस्से के ऊपर प्रवाहित किया जाता है, तो सोनोग्राफी मशीन से जुड़ी एक स्क्रीन पर संबंधित अंग, टिश्यू और शरीर के उस हिस्से में हो रहे रक्त संचार की तस्वीरें नजर आने लगती हैं। तस्वीरें लेने की इस प्रक्रिया को ही चिकित्सा क्षेत्र की कामकाजी शब्दावली में सोनोग्राफी या अल्ट्रासाउंड स्कैन कहा जाता है।**

# अल्ट्रासाउंड टेक्निशियन

# रोग की जड़ तक पहुंचाने का पेशा

अल्ट्रासाउंड टेक्निशियन को ही सोनोग्राफर कहा जाता है। पैरामेडिकल क्षेत्र के ये पेशेवर कुछ विशेष उपकरणों की मदद से मरीजों के रोगग्रस्त अंगों की तस्वीरें लेते हैं। सोनोग्राफी रोग का पता लगाने की एक जांच विधि है। इसके लिए जो मशीन इस्तेमाल में लाई जाती है, उससे अल्ट्रासाउंस वेव्स (उच्च फ्रिक्वेंसी वाली ध्वनि तरंगें) उत्पन्न की जाती हैं। जब इन तरंगों को शरीर के किसी खास हिस्से के ऊपर प्रवाहित किया जाता है, तो सोनोग्राफी मशीन से जुड़ी एक स्क्रीन पर संबंधित अंग, टिश्यू और शरीर के उस हिस्से में हो रहे रक्त संचार की तस्वीरें नजर आने लगती हैं। तस्वीरें लेने की इस प्रक्रिया को ही चिकित्सा क्षेत्र की कामकाजी शब्दावली में सोनोग्राफी या अल्ट्रासाउंड स्कैन कहा जाता है।

इसी तरह इस प्रक्रिया को संपन्न करने वाले पेशेवरों को सोनोग्राफर कहा जाता है। जिन सोनोग्राफरों के पास इमेजिंग और रक्त शिराओं का टेस्ट करने में विशेषज्ञता होती है, उन्हें वस्कुलर टेक्नोलॉजिस्ट कहा जाता है। सोनोग्राफी की जरूरत रोगी के शरीर (खासकर रोगप्रभावित अंग) को अंदर से देखने की यह एक ऐसी तकनीक है, जिसमें शरीर के साथ किसी भी तरह की चीर-फाड़ करने की जरूरत नहीं होती। सोनोग्राफी की इस खासियत के कारण इसका इस्तेमाल शरीर के कई अंगों मसलन पेट, स्तन, हृदय, रक्त नलिकाओं, प्रजनन संबंधी अंगों और पौरुष ग्रंथि आदि की जांच के लिए किया जाता है।



हृदय रोगों, हृदयाघात और नाड़ी संबंधी रोगों की पहचान और उनके उपचार में सोनोग्राफी का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। यही नहीं कैंसर की जांच के लिए होने वाले बायोप्सी टेस्ट में भी सोनोग्राफी मददगार साबित हो रही है। कैंसर की आशंका वाले अंग में बीमारी का पता लगाने के लिए एक बारीक सुई की सहायता से संबंधित अंग से कोशिकाओं (सेल) का थोड़ा-सा नमूना लिया जाता है, जिसकी बाद में प्रयोगशाला में जांच की जाती है। इस प्रक्रिया के दौरान जब सुई को शरीर में प्रवेश कराया जाता है, तब सोनोग्राफी के माध्यम से ही देखा जाता है कि सुई तय स्थान पर पहुंच रही है या नहीं। स्पेशलाइजेशन के क्षेत्र (सोनोग्राफी में) ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजिक सोनोग्राफी एब्डोमिनल सोनोग्राफी (लीवर, किडनी, गालब्लैडर और पैनक्रियाज) न्यूरोसोनोग्राफी (मस्तिष्क) ब्रेस्ट सोनोग्राफी वस्कुलर सोनोग्राफी (ब्लड वेसल्स) कार्डियक सोनोग्राफी (हर्ट) सोनोग्राफर का काम अस्पताओं, नर्सिंग होम और तमाम छोटे-बड़े चिकित्सा संस्थानों में सोनोग्राफर को नियुक्त किया जाता है। वहां वह अपने नियोक्ता संस्थान की जरूरत के अनुसार डायग्नोस्टिक इमेजिंग डिपार्टमेंट, ऑपरेशन थियेटर और आईसीयू (इंटेंसिव केअर यूनिट) आदि में डॉक्टरों और नर्सो के साथ काम करना होता है। उनके काम का मुख्य हिस्सा होता है,



सोनोग्राफी के लिए उपकरणों को व्यवस्थित करना और मरीजों को सही पोजिशन में आने के लिए निर्देशित करना, ताकि बेहतर जांच रिपोर्ट मिल सके। इसके अलावा वह सोनोग्राफी के दौरान स्क्रीन पर यह भी देखते हैं कि रोगी के जिस अंग का चित्र (इमेज) लिया गया है, उससे रोग की पहचान संभव होगी या नहीं। वह लिए गए कई चित्रों में से उन्हीं चित्रों को अंतिम रूप से चुनते हैं, जिनके आधार पर डॉक्टर मरीज में रोग के होने या न होने के निष्कर्ष तक पहुंच सकें। सोनोग्राफर को अपने मूल कार्यो के अलावा कुछ अतिरिक्त कार्य भी करने होते हैं। इनमें रोगियों के रिकॉर्ड को रखना, उपकरणों का रख-रखाव और मरीजों को जांच के लिए समय देना आदि शामिल होता है। कई बार उन्हें पूरे डायग्नोस्टिक इमेजिंग विभाग के प्रबंधन संबंधी कार्यो को भी देखना होता है।

### योग्यता

देश के कई शिक्षण संस्थानों में सोनोग्राफी के पाठ्यक्रमों का संचालन हो रहा है। यहां से सर्टिफिकेट से लेकर बैचलर डिग्री तक हासिल की जा सकती है। सोनोग्राफर बनने के लिए संबंधित विषय क्षेत्र में कम से कम सर्टिफिकेट कोर्स पास होना जरूरी है।

### जरूरी गुण

» निरीक्षण करने की बेहतर दृष्टि
» अच्छा संवाद कौशल
» मरीजों के प्रति नरम रवैया
» लंबे समय तक काम करने की शारीरिक क्षमता
» अपने क्षेत्र की नई तकनीकों की जानकारी धैर्य और सहनशीलता
» रोगियों का विश्वास जीतने का हुनर

# चुनौतीपूर्ण पेशा है मसाज थेरेपिस्ट

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के लिए खुलकर सांस ले पाना भी मुश्किल हो गया है। बढ़ती स्पर्धा के कारण कम या ज्यादा तनाव का रहना भी रोजमर्रा की बात हो गई है। दैनिक जीवन से जुड़ी इन थका देने वाली समस्याओं से पार पाने के लिए लोग नए उपायों को तलाश रहे हैं। मसाज ऐसा ही एक उपाय है, जो व्यक्ति को आराम पहुंचाकर उसे फिर से ऊर्जा से भर देता है। अगर आप उपचार की वैकल्पिक पद्धतियों में विश्वास करते हैं और अपने हाथों से काम करने में खुशी महसूस करते हैं, तो आप मसाज थेरेपिस्ट के रूप में काम कर सकते हैं।

### मसाज की शुरुआत

उपचार की एक विधा के रूप में मसाज के प्रयोग का आरंभ जिन परंपराओं और तकनीकों से हुआ, उनके प्रमाण प्राचीन इतिहास में मिलते हैं। भारत में मसाज थेरेपी की शुरुआत करीब तीन हजार ईसा पूर्व में हुई थी। आधुनिक समय में मसाज के लाभकारी प्रभावों को नए सिरे से तलाशा जा रहा है। मसाज थेरेपी की उपयोगिता के कारण इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। इस वजह से वैकल्पिक स्वास्थ्य सेवाओं पर आधारित उद्योग क्षेत्र (वेल्नेस इंडस्ट्री) के दायरे में भी वृद्धि हुई है। नतीजा पेशेवर मसाज थेरेपिस्टों की मांग भी पैदा हो रही है।



पेशे के रूप में मसाज थेरेपिस्ट के काम को देखें, तो यह एक ऐसा कार्य है, जो अच्छी कमाई के साथ-साथ क्लाइंट (मसाज कराने वाले) से दुआएं और शुभकामनाएं पाने का मौका देता है। लोग किसी मसाज थेरेपिस्ट के पास इसलिए जाते हैं, ताकि वह तनाव और चिंता से मुक्त होकर शारीरिक और मानसिक सुकून हासिल कर सकें। उम्मीद के मुताबिक मसाज थेरेपिस्ट की सेवा का लाभ मिलने पर क्लाइंट खुद को इतना आनंदित महसूस करते हैं कि संबंधित थेरेपिस्ट के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त करने लगते हैं।

### मसाज थेरेपिस्ट का कार्य

मसाज के दौरान उंगुलियों, हथेलियों और कोहनी का इस्तेमाल करके क्लाइंट के शरीर की मालिश की जाती है। इससे शरीर में रक्त का प्रवाह बेहतर होता है, तंत्रिकाओं की सक्रियता बढ़ती है और मांसपेशियों को आराम मिलता है। इन लाभों की वजह से ही मसाज थेरेपी का प्रयोग तनाव, थकान, पुरानी बीमारियों और दुर्घटनाओं के कारण शरीर को पहुंची चोटों के ईलाज में किया जाता है। मसाज थेरेपिस्ट अपना काम शुरू करने से पहले मसाज के लिए आने वाले मरीजों की मेडिकल हिस्ट्री, खानपान और जीवनशैली से जुड़ी आदतों का अध्ययन करते हैं। फिर अपने निष्कर्षो के आधार पर थेरेपिस्ट संबंधित क्लाइंट के लिए उपचार की एक योजना (ट्रीटमेंट प्लान) तैयार करते हैं। क्लाइंट के शारीरिक लक्षणों और उपचार के प्रभाव को देखते हुए वह उपचार योजना में बदलाव भी करते हैं। मसाज के लिए थेरेपिस्ट कई तरीकों का इस्तेमाल करते हैं। कभी वह क्लाइंट के तनाव को कम करने के लिए मसाज के दौरान शरीर के कुछ भागों पर अतिरिक्त दबाव देते हैं, तो कभी खास औषधीय गुण वाले तेलों का प्रयोग करते हैं। रोग की प्रकृति के अनुसार मसाज थेरेपी की अवधि भी अलग-अलग होती है। यह कुछ महीने से लेकर सालभर तक हो सकती है। उपचार के बाद थेरेपिस्ट अपने क्लाइंट को बेहतर दिनचर्या



और स्वास्थ्य के लिए जरूरी सलाह भी देते हैं। वह क्लाइंट के स्वास्थ्य और उपचार से संबंधित विस्तृत रिकॉर्ड भी रखते हैं, जो जरूरत के समय क्लाइंट के डॉक्टर या फिजियोथेरेपिस्ट के लिए मददगार साबित होते हैं। यह पेशा काम के लंबे घंटों की मांग करता है। क्लाइंट की आवश्यकता और उनकी संख्या के अनुसार लगातार घंटों तक काम करना पड़ सकता है। कई बार साप्ताहिक अवकाश और शाम के समय भी काम करना पड़ जाता है। आमतौर पर किसी एक क्लाइंट के मसाज पर 45 मिनट से दो घंटे तक का वक्त देना पड़ता है। समय की यह अवधि क्लाइंट की चिकित्सकीय जरूरत पर निर्भर करती है।

### रोजगार के अवसर

मसाज थेरेपिस्ट को स्पा, ब्यूटी सलून, हॉलिस्टिक हेल्थ क्लिनिक, फिटनेस सेंटर में नियुक्त किया जाता है। इसके अलावा उन्हें खिलाड़ियों को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए खेल टीमों और स्पोर्ट्स क्लबों में भी रखा जाता है। नौकरी करने का मन न होने पर मसाज थेरेपिस्ट स्वतंत्र रूप से भी काम कर सकते हैं। अपनी इस भूमिका में वह क्लाइंट के घर जाकर या उसके कार्यस्थल पर पहुंचकर अपनी सेवाएं दे सकते हैं।

### मसाज के हैं कई प्रकार

» अरोमाथेरेपी मसाज »थाई मसाज ›हॉट स्टोन मसाज
» आयुर्वेदिक मसाज » रिफ्लेक्सोलॉजी शिअत्सु



## आसान नहीं चॉकलेट-टेस्टर का जॉब

सोचिए, अगर हर दिन आपको चॉकलेट टेस्ट करने को मिले और इसके लिए आपको पैसा भी मिले, तो कितना मजा आए! चॉकलेट टेस्टर ऐसे ही प्रोफेशनल होते हैं, जिनका काम अलग-अलग फ्लेवर के चॉकलेट्स को चखना होता है। खाने की कोई चीज टेस्ट करना स्वाद के शौकीनों के लिए हमेशा से आकर्षक होता है। ऐसे में, जिन्हें चॉकलेट से लगाव है, वे चॉकलेट टेस्टर के रूप में करियर संवार सकते हैं।

हालांकि चॉकलेट टेस्टर सिर्फ चॉकलेट का स्वाद ही नहीं जांचता, वह विभिन्न कैंडीज की जांच भी करता है कि उनमें चॉकलेट की कोटिंग की चमक-दमक सही है या उसमें किसी तरह की दरार तो नहीं है। साथ ही, वह चॉकलेट की महक को भी चेक करता है। टेस्टर चॉकलेट की बाइट लेकर कुछ सेकंड के लिए मुंह में रखता है और घुलने के देकर उसका पूरा फ्लेवर लेता है। वह इस बात को भी सुनिश्चित करता है कि घुलने के बाद चॉकलेट पूरे मुंह में फैल जाती हो, सिर्फ एक तरफ न रहती हो। मगर यह इतना टेस्टी मामला भी नहीं होता। चॉकलेट टेस्टर को कई बार खराब चॉकलेट भी टेस्ट करना पड़ जाता है!

कई बार टेस्टर दिन भर किसी छोटे-से कमरे में बंद रहता है और वहां लाल लाइट जलती रहती है, ताकि उसे चॉकलेट की पहचान न हो पाए और वह सही मूल्यांकन कर सके। एख टेस्टर को दिन भर में 25 से 30 तरह के चॉकलेट टेस्ट करने पड़ सकते हैं। सोचिए, जीभ की क्या हालत होती होगी! चॉकलेट टेस्टिंग वास्तव में एक कला है, जो नियमित अभ्यास मांगती है। इसके बाद ही कोई इसमें कुशलता हासिल कर सकता है।चॉकलेट एक ऐसा उत्पाद है, जिसका बाजार कभी खत्म नहीं हो सकता। चॉकलेट टेस्टिंग अब एक बेहतर प्रोफेशन का रूप ले चुका है। अगर आप चॉकलेट टेस्टर बनना चाहते हैं, तो आपको कुछ स्पेशलाइज्ड ट्रेनिंग हासिल करनी होगी। किसी संस्थान से कोर्स करने के बाद आप किसी एक्सपर्ट चॉकलेटियर के साथ ट्रेनी के रूप में जुड़ सकते हैं, ताकि इस फील्ड में और अनुभव हासिल हो। इसके बाद आप किसी चॉकलेट प्रोडक्शन कंपनी में जॉब कर सकते हैं।

स्किल – उम्मीदवार को चॉकलेट के फ्लेवर, टेक्सचर, वह कैसे मेल्ट, मोल्ड और टैम्पर होती है, इसकी जानकारी होनी चाहिए। उसके पास बेसिक कुकिंग स्किल तथा धैर्य होना चाहिए। साथ ही उसे खुले दिमाग का होना चाहिए। उसे बारीकी पर ध्यान देना आना चाहिए। अपने काम के प्रति पैशन होना बहुत जरूरी है।

कोर्स – भारत में चॉकलेट टेस्टर के लिए स्पेशलाइज्ड कोर्स चलाने वाले कुछ ही संस्थान हैं। इन कोर्से के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं पास है। वैसे अब ग्रेजुएशन के बाद किए जाने वाले कई कोर्स भी उपलब्ध हैं। 12वीं के बाद आप न्यूट्रिशन एंड फूड टेक्नोलॉजी या अप्लाइड साइंस इन फूड टेक्नोलॉजी का कोर्स कर सकते हैं, जिसके तहत चॉकलेट के सिलेक्शन, प्रिजर्वेशन, प्रोसेसिंग, पैकेट डिस्ट्रिब्यूशन, न्यूट्रिशन आदि की जानकारी दी जाती है। इन कोर्सेज के तहत विद्यार्थी को योरप, अमेरिका आदि की चॉकलेट्स की विभिन्न वैरायटी, चॉकलेट का इतिहास, कोको बीन्स, टेस्टिंग, चॉकलेट के एडेड फ्लेवर्स, डिपिंग, टेम्परिंग, मोल्डिंग, डेकोरेटिंग आदि की जानकारी दी जाती है।

सैलरी – शुरुआती दौर में चॉकलेट टेस्टर को 20,000 रुपए महीने की सैलरी मिल सकती है। उसके बाद अनुभव एवं काम के आधार पर यह बढ़ती जाती है। अगर विदेश जाते हैं, तो और भी अच्छी आमदनी कर सकते हैं।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com